26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 8 जनवरी, 2026

अंक- 76 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार का संकल्प : योगी



**गोरखपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है। योगी ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना-पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिये। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान आज सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गौशाला में पहुंचकर गौसेवा की। गायों और गौवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया।

# सपा विधायक व कद्दावर नेता विजय सिंह गोंड का निधन



## लखनऊ में लंबे समय से चल रहा था इलाज

**सोनभद्र ( एजेंसी/चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और दुद्धी विधायक विजय सिंह गोंड का लखनऊ के एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि विधानसभा अध्यक्ष अवधनारायण यादव ने की। लंबे समय से बीमार चल रहे विजय सिंह गोंड की दोनों किडनी खराब हो गई थी, जिसके चलते उन्हें एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। प्रदेश की 403वीं अंतिम विधान सभा सीट दुद्धी के आदिवासी राजनीति के 'पितामह' कहे जाने वाले गोंड के निधन से पूरे सोनभद्र और आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। विजय सिंह गोंड आदिवासी समाज की आवाज बुलंद करने वाले अग्रणी नेताओं में शुमार थे। दुद्धी और ओबरा विधानसभा को अनुसूचित जनजाति सीट घोषित कराने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी। वनवासी सेवा आश्रम में मात्र 200 रुपये मासिक मानदेय पर कार्यरत रहते हुए उन्होंने 1979 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार विधानसभा चुनाव जीता। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट का सवाल-**

## बिल्ली-चूहों की दुश्मन तो क्या उन्हें ले आएं ?

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर आज फिर से सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा जानवरों से होने वाले खतरों और उन्हें नियंत्रित करने में नागरिक अधिकारियों की कथित कमियों को उजागर करने वाली याचिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा, दिल्ली में चूहे और बंदरों का भी खतरा है। कुत्तों को अचानक हटाने से क्या होता है? चूहों की आबादी बढ़ जाती है। कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं। उनकी इस दलील पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की, क्या इसका आपस में कोई संबंध है? हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि वे चूहों की दुश्मन हैं। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमने गली के हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया है।


माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर



7983187749
8755001105

आपके शहर बिजनौर में पहली बार

एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

परामर्श समय
प्रात: 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।



श्रद्धांजलि



बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारी पूजनीय माताजी
श्रीमती गायत्री देवी मित्तल
पत्नी स्व0 श्री शिवराम मित्तल अपनी सांसारिक यात्रा
पूर्ण करके 29 दिसम्बर 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गई।
उनकी आत्मिक शान्ति के लिए
श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी
दिनांक 9 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार होना निश्चित हुई है।
ब्रह्मभोज ............ दोपहर 12 बजे
रस्म पगड़ी ............... दोपहर 2 बजे
स्थान : माहेश्वरी धर्मशाला, निकट जैतरा रेलवे फाटक, धामपुर

शोकाकुल परिवार

इंदु राजवंशी पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार राजवंशी ( पुत्री-दामाद ), पारुल गुप्ता - राजीव गुप्ता ( पौत्री/पौत्री दामाद ), रुद्रांश, प्रखर, विभांश, अन्वी, ओजस ( प्रपौत्री/प्रपौत्र )
एवं समस्त मित्तल परिवार

ब्रजमोहन मित्तल ( कमल )-अरुणा मित्तल ( पुत्र-पुत्रवधु )
अनिता मित्तल पत्नी स्व. श्री आनन्द मोहन मित्तल ( पुत्रवधु )
पारस-ऋतु ( पौत्र-पौत्रवधु ), भावुक-राशि ( पौत्र-पौत्रवधु )
विभोर - शालू ( पौत्र-पौत्रवधु )
कपिल तनुषा ( पौत्र-पौत्रवधु )

मो. 9758215787, 7829274666 नोट : कृपया पगड़ी ना लायें।



## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 9 जनवरी 2026**

मेष- आशाएं फलीभूत, व्यापारिक विस्तार, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, स्थान-परिवर्तन का कार्यक्रम उपस्थित, आवागमन में अनुकूलता, जीवन साथी में सामंजस्य।

वृषभ- परिश्रम के अनुरूप सफलता, यश-मान प्रतिष्ठा में वृद्धि, आय के नवीन स्रोत, मनोरंजन में रुचि, भौतिक सुख शांति का वातावरण, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

मिथुन- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में शिथिलता, किसी योजना को लेकर चिन्तित, शत्रु सक्रिय, दाम्पत्य जीवन में तनाव, आशा के विपरीत घटनाएं घटित, प्रतिष्ठा पर आघात।

कर्क- नवयोजना साकार होने की ओर, स्वास्थ्य अनुकूल, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, सहयोगियों की गतिविधियों से प्रसन्नता, भोगविलासित की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

सिंह- साहसिक प्रयास प्रगति पर शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सकुशल।

कन्या- शारीरिक सुख में वृद्धि, राजनीतिक सामाजिक कृत्यों से यश की प्राप्ति, जीवन साथी से सामंजस्य, व्यावसायिक क्षेत्र में नव परिवर्तन, मनोविनोद के अवसर।

तुला- दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में असफलता की स्थिति, योजना अधूरी, प्रेम सम्बन्धों में वैमनस्यता, राजकीय पक्ष से उलझनें, यात्रा कष्टकर।

वृश्चिक- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, स्वजनों-परिजनों से अपेक्षित सहयोग, धनागम का मार्ग प्रशस्त, नवसम्पर्क उपयोगी।

धनु- व्यावसायिक उन्नति, जटिल समस्या का समाधान, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, आहार-विहार में नवीनता, यात्रा संतोषजनक।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर, मनोवांछित सफलता, पारिवारिक सौहार्द, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

कुम्भ- बहुप्रतीक्षित कार्यों में निराशा, पारिवारिक उलझनें, धनागम में बाधा, मित्रों से गलतफहमी, स्वास्थ्य में शिथिलता, दूर-समीप की यात्रा में परेशानी।

मीन- कठिनाइयों का निराकरण, बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, आर्थिक लाभ का मार्ग प्रशस्त, मांगलिक आयोजन सम्पादित, विरोधी परास्त, भौतिक सुख में वृद्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# कताई मिल के कमरे में आग लगी, अफरा-तफरी मची

**नगीना ( चिंगारी )। वर्षो से बंद पड़ी सहकारी कताई मिल के एक कमरे में बुधवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद अग्निशमनकर्मी मौके पर पहुंचे तथा एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।**

नगीना-कोतवाली मार्ग पर स्थित कताई मिल की देखरेख कर रहे रोहिताश कुमार ने बताया कि मिल के आवासीय कॉलोनी में स्थित एक कमरे में बुधवार की दोपहर करीब दो बजे आग लगने से तेज धुंआ निकलते देख उनके द्वारा पुलिस व अग्निशमनकर्मियों को फोन किया गया। उन्होंने बताया कि अग्निशमनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। उन्होंने बताया कि चूंकि काफी वर्षो से मिल बंद चल रही है, इसलिए कमरे में कोई कीमती सामान तो नहीं था, लेकिन वहां मौजूद कुछ कबाड़ व कागजात जरूर जल गए। उन्होंने किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगाने की संभावना जताई है। हालांकि उन्होंने इस संबंध में पुलिस से कोई लिखित शिकायत नहीं की है।



**नगीना में स्थित बंद पड़ी सहकारी कताई मिल के कमरे में लगी आग के बाद निकलता धुआं व आग बुझाते अग्निशमनकर्मी।**

# जन्म प्रमाण-पत्र बनाने पर लगी रोक हटाने की मांग



**एसडीएम को शिकायती पत्र देते सभासद मोहम्मद उस्मान।**

**नगीना ( चिंगारी )।** पालिका सभासद मोहम्मद उस्मान जैदी ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र देकर नये जन्म प्रमाण-पत्रों के बनने पर लगी रोक को हटवाने की मांग की है। बुधवार की दोपहर एसडीएम विजय शंकर को दिए गए शिकायती पत्र में सभासद मोहम्मद उस्मान जैदी ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर का कार्य पूर्ण हो चुका है। चुनाव आयोग द्वारा फार्म नम्बर-छह को भरने के लिए 11 दस्तावेज़ों की मांग की गई है। जिनमें सबसे मुख्य दस्तावेज़ जन्म प्रमाण-पत्र है। परन्तु अब नगर पालिका परिषद नगीना के कर्मचारी जन्म प्रमाण-पत्र बनाने को मना कर रहे हैं। पत्र के माध्यम से जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए लगी रोक हटवाने की मांग की गई है। इस संबंध में पालिका के सफाई एवं स्वास्थ्य अधीक्षक धीरज राय वर्मा का कहना है कि जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए 21 दिन की समय अवधि निश्चित है। उसके बाद जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने वालों को जरूरी साक्ष्य उपलब्ध कराने होते हैं। उन्होंने बताया कि बिना जरूरी साक्ष्य प्रस्तुत करने वाले लोगों के जन्म प्रमाण-पत्र बनाना संभव नहीं है।



**नगीना में पूर्व मंत्री अजीजुर्रहमान की पुण्यतिथि पर उनके चित्र के समक्ष मल्यार्पण करते कांग्रेस कार्यकर्ता।**

# अजीजुर्रहमान जैसे ईमानदार नेता अब मिलना मुश्किल

**नगीना ( चिंगारी )।** ईमानदार राजनीति के पुरोधा व पूर्वमंत्री अजीजुर्रहमान की 14वीं पुण्यतिथि पर उनके चाहने वालों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

शिक्षाविद परवेज़ आदिल माही के आवास पर बुधवार की शाम हुए कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अजीजुर्रहमान की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर व माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता काजी अरशद मसूद ने दिवंगत नेता अजीजुर्रहमान की ईमानदारी राजनीति के कई किस्से सुनाए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में उन जैसे व्यक्तित्व व ईमानदारी वाली राजनीति करने वाले लोग अब बड़ी मुश्किल से दिखाई देते हैं। इस मौके पर परवेज़ आदिल माही, काजी अरशद मसूद, राकेश मिश्रा एडवोकेट, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी, महताब अहमद, यूनुस शाहनवाज, वसीम अख्तर, यासर सईद उर्फ फैज, शहजाद हुसैन, अहमद जैन आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सक ने ठंड में ग़रीबों को कंबल देकर मानवता का फ़र्ज़ निभाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के डॉ. शादाब हुसैन (फिजियोथैरेपिस्ट) ने भीषण सर्दी में गरीबों को कम्बल देकर मानवता का सच्चा फर्ज निभाया है। उक्त चिकित्सक पंजाब में रहकर लोगों का इलाज करते हैं, उनमें शुरू से ही गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करने का जज्बा फूट-फूटकर भरा हुआ है। कई दिन पहले वह अपने किसी काम से अपने शहर नजीबाबाद पहुंचे थे, जहां हर्षवाड़ा के मदरसे में उनके एक मरीज का फोन आया कि ठंड ज्यादा है, यहां ठंड से लोग कांप रहे हैं। यह सुनकर तुरंत मदरसे में लगने वाले आंखों के कैंप में पहुंचे, जहां पर उन्होंने देखा कि गरीब लोग भीषण ठंड में बाहर खड़े होकर लाइन में लगकर अपने नंबर का इंतजार कर रहे हैं, यह देखकर उनसे रहा न गया, तभी उन्होंने बाजार जाकर 50-60 कम्बल खरीदे तथा उक्त गरीब मरीजों को सर्दी से बचाने के लिए उन्हें वितरित किये। चिकित्सक ने बताया कि मानवता की सेवा करने में एक अलग ही मजा आता है, बेसहारा लोगों को कंबल बांटकर उनके दिल को एक अलग सुकून मिला है। कम्बल पाकर सभी मरीज काफी खुश हुए तथा उन्होंने डॉक्टर व उनकी टीम को दुआओं से नवाजा। उन्होंने शहर के अन्य लोगों से भी भीषण सर्दी में गरीबों को गर्म कपड़े बांटने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ डॉक्टर खालिद, डॉक्टर ईसा, डॉ. जुबैर आसिफ, उमर आदि मौजूद रहे।



**ग़रीबों को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल बांटते चिकित्सक।**

# नहटौर-नूरपुर मार्ग पर भीषण हादसा

## दो युवकों की मौत


मृतकों के फाइल फोटो

**नहटौर ( चिंगारी )।** बुधवार की देर रात्रि को नहटौर-नूरपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो गया। पिकअप वाहन और एक अज्ञात बड़े वाहन की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। पिकअप सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन के परखचे उड़ गये।

जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम सिखेड़ा निवासी नितिन कुमार (30 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार चालक गोलू (20 वर्ष) पुत्र धर्मपाल के साथ पिकअप से दूध इकट्ठा कर नूरपुर स्थित धौकलपुर पहुंचाने गये थे। बुधवार रात्रि करीब 11:30 बजे जब दोनो वापस लौट रहे थे तभी ग्राम सराय के पास किसी अज्ञात बड़े वाहन की उनकी पिकअप से टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी। कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। और दोनों युवक वाहन के भीतर ही फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला और नहटौर सीएससी ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरे वाहन का चालक दुर्घटना के बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है, मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है, अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
Siddharth Jewellers SJ
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं


अन्य सेवाएं-
➢100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

# उत्तर प्रदेश में सभी थोक औषधि विक्रेताओं का सत्यापन होगा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रदेश भर में अब थोक औषधि विक्रेताओं की जांच होगी। उनके प्रतिष्ठानों का सत्यापन किया जायेगा कि वे अस्तित्व में है भी या नहीं। मानकों पर खतरे उतरते हैं या नहीं। यह अभियान अगले महीने यानि फरवरी से शुरू होगा। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डा. रोशन जैकब ने सभी सहायक आयुक्त (औषधि) और औषध निरीक्षकों को आदेश जारी किये हैं।

कोडीनयुक्त कफ सिरप व नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं को लेकर एफएसडीए ने करीब दो माह अभियान चलाया। इस दौरान तमाम फर्में कागजी मिलीं। पंजीकृत पते पर उन फर्मों का कोई नामोनिशान तक नहीं था। कुछ ऐसी ऐसी थी जो लाइसेंस प्राप्त करने के बाद कभी संचालित ही नहीं हुई। ऐसे भी मामले सामने आए, जहां भवन स्वामी तक को इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनके पते पर किसी ने दवा फर्म का लाइसेंस ले रखा है।

### इन बिंदुओं पर होगी जांच

बुधवार को आदेश जारी कर दिया गया। सभी थोक दवा दुकानों के सत्यापन के दौरान देखा जाएगा कि लाइसेंसी फर्म अपने स्वीकृत पते और चौहद्दी में स्थित है या नहीं। औषधियों के भंडारण के लिए वहां पर्याप्त व्यवस्था है या नहीं। अधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति और उनके अनुभव प्रमाण-पत्र की पुष्टि की जाएगी। लाइसेंसी परिसर से अन्यत्र स्थान पर दवा भंडारण की स्थिति में लाइसेंसधारी द्वारा अलग गोदाम का लाइसेंस लिया गया है या नहीं।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी...

# खुदा ख़ैर करे!

देश और दुनिया में जो कुछ चल रहा है, वो ठीक नहीं है। भारत में इन दिनों जो बातें, घटनाएं हो रही हैं, मन को परेशान करती हैं। सबसे ज्यादा तो यह बात कचोटती है कि कोई भी मुंह उठाकर किसी को भी गद्दार, देशद्रोही बता देता है। वो भी तथ्यों की पड़ताल किये बिना। कुछ ऐसे नेता हैं, जिनके मुंह से हमेशा ज़हर ही निकलता है। जोड़ने की बात कभी करते ही नहीं। हमेशा समाज को तोड़ने, अलगाव पैदा करने की बात करते हैं। देश के लिये खुद कुछ नहीं करते, मगर दिन-रात दूसरों को देशभक्ति का सर्टिफिकेट बांटते हैं। संवैधानिक पदों पर बैठे हैं, मगर बात हमेशा संविधान विरोधी करते हैं, फिर भी खुद को देशभक्त, और अगर किसी के नाम के आगे 'मुहम्मद' या पीछे 'ख़ान' लगा है तो वो इनकी नजर में गद्दार, देश का दुश्मन। आईपीएल के खिलाड़ियों की नीलामी कराता कौन है, ये नहीं पता, पता भी है तो चूंकि वह अपने सम्प्रदाय से है, लिहाजा उसके सौ खून माफ, मगर के.के.आर. के मालिक शाहरुख खान कुसूरवार, क्योंकि उनकी टीम में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी था। कथावाचक और दो क़दम आगे हैं। कथा बांचते-बांचते देशभक्ति के सर्टिफिकेट बांटने लगे हैं। खुद को संत बताने वाले ये कथावाचक समाज को समरसता का संदेश देने के बजाए अलगाव पैदा कर रहे हैं। मगर जब देश की बेटियों के साथ अत्याचार होता है, तब इनके मुंह में दही जम जाता है। मुंह से एक शब्द नहीं निकलता। सत्ताधारी दल के एक बड़े नेता जी हैं, जो अपने प्रदेश की सरकार में मंत्री भी हैं, दूषित पानी से लोगों के मरने के सवाल पर कहते हैं- 'क्या घंटा सवाल है।' न भाषा की मर्यादा का ध्यान और न मरने वालों के परिवारों के प्रति कोई संवेदना। दूसरी तरफ देश के एक नामी विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के विरुद्ध घोर आपत्तिजनक नारेबाजी की जाती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का ये मतलब नहीं है कि आप कुछ भी बोलें। सभ्य समाज में कुछ मर्यादायें भी होती हैं। विरोध करने का अधिकार है, मगर जोश में होश खोयेंगे तो फिर कानून भी अपना काम करेगा ही। जब जरा दुनिया के हालात देखें। अमेरिका खुलेआम गुण्डागर्दी पर उतर आया है। तेल की उसकी प्यास बुझ नहीं रही है। रंगदारों की तरह वेनेजुएला के राष्ट्रपति को उनके बेडरूम से पत्नी सहित खींच लाया। इतना ही नहीं, क्यूबा, मैक्सिको और कोलम्बिया को भी खुली धमकी दी है। ग्रीनलैण्ड को भी हड़पने की मंसूबा कर रहा है। पता नहीं अमेरिका की विस्तारवादी भूख कब शांत होगी। क्या ट्रम्प तृतीय विश्व युद्ध कराकर ही मानेंगे। आखिर ट्रम्प चाहते क्या हैं? जब से अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, तब से न खुद चैन से बैठे हैं और न दूसरे देशों को शांति से रहने दे रहे हैं। अपने से बहुत छोटे और कमजोर मुल्कों पर ताकत दिखा रहे हैं। भारत को भी बार-बार टैरिफ की धमकी दी जा रही है। कुल मिलाकर देश और दुनिया के हालात ठीक नहीं हैं, खुद खैर करे।

# सुरक्षा बिना समृद्धि अधूरी

दृष्टिकोण



दुष्यंत कुमार

**देश आज विकास और समृद्धि के नये दौर में प्रवेश कर चुका है। सड़कों, पुलों, डिजिटल सुविधाओं, औद्योगिक विस्तार और आर्थिक वृद्धि को प्रगति का प्रतीक माना जा रहा है। लेकिन इस तेज़ रफ्तार के बीच एक बुनियादी प्रश्न बार-बार अनदेखा किया जा रहा है-क्या यह समृद्धि सुरक्षित भी है?**

अनुभव और इतिहास दोनों बताते हैं कि सुरक्षा के बिना समृद्धि न तो टिकाऊ होती है और न ही समाज को स्थिरता देती है।

समृद्धि का उद्देश्य केवल संसाधनों की वृद्धि नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देना होता है। जब व्यक्ति, परिवार और समाज स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगते हैं, तब आर्थिक उपलब्धियां भी अपना अर्थ खो देती हैं। यही स्थिति धीरे-धीरे सामाजिक असंतुलन का कारण बनती है।



पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर समृद्धि ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसके साथ-साथ भेदभाव और वर्गीय मानसिकता भी गहराई है। आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग ने स्वयं को अलग और सुरक्षित मानना शुरू किया, जबकि कमजोर वर्गों में असुरक्षा और असंतोष की भावना बढ़ी। यही खाई सामाजिक तनाव को जन्म देती है और अंततः राष्ट्रीय एकता व सुरक्षा को प्रभावित करती है।

## जनसंख्या संतुलन न अधिक, न बहुत कम

इस पूरी बहस में जनसंख्या संतुलन एक निर्णायक प्रश्न बनकर उभरता है। अक्सर जनसंख्या अधिक होने को ही समस्या माना जाता है, लेकिन अब यह भी स्पष्ट होने लगा है कि अत्यधिक कम जनसंख्या भी अपने आप में एक संकट बन सकती है, विशेषकर समृद्ध परिवारों और विकसित समाजों में। कई आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों ने समृद्धि बनाए रखने के लिए जनसंख्या को अत्यधिक सीमित कर लिया। इसका तात्कालिक लाभ तो दिखाई देता है, लेकिन दीर्घकाल में इसके गंभीर सामाजिक परिणाम सामने आ रहे हैं-बुजुर्गों की देखभाल का संकट, पारिवारिक एकाकीपन और सामाजिक उत्तरदायित्व की कमी। यह बताता है कि कम जनसंख्या तभी वरदान है, जब वह संतुलित हो।

## संसाधन-समृद्ध, लेकिन असुरक्षित देश

आज एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि तेल और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध कई देश सबसे अधिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। मध्य-पूर्व, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के कई उदाहरण बताते हैं कि प्राकृतिक संपदा कई बार सुरक्षा का आधार बनने के बजाय संघर्ष का कारण बन जाती है। तेल और खनिजों से मिलने वाली आय ने वहां सत्ता संघर्ष, बाहरी हस्तक्षेप, आंतरिक हिंसा और सामाजिक विभाजन को जन्म दिया। यह स्थिति दर्शाती है कि संसाधनों की प्रचुरता अपने आपमें सुरक्षा की गारंटी नहीं होती।

## वेनेजुएला : संसाधनों के बावजूद असुरक्षा

वर्तमान समय में वेनेजुएला इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। एक समय तेल संपदा के कारण यह देश अत्यंत समृद्ध माना जाता था, लेकिन संस्थागत कमजोरी, आंतरिक सुरक्षा की अनदेखी और सामाजिक संतुलन के अभाव ने उसे संकट में डाल दिया।

आज आर्थिक बदहाली, बढ़ते अपराध, आवश्यक वस्तुओं की कमी और बड़े पैमाने पर पलायन ने यह साबित कर दिया है कि प्राकृतिक संपदा भी तब बेकार हो जाती है, जब समाज सुरक्षित न हो। और इसी का ही परिणाम है कि उसके निर्वाचित राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को एक शक्तिशाली देश अमेरिका के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनके घर से उठाकर कैद कर लिया।

## जिम्मेदार परिवार, संतुलित समाज

समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जिसने यह समझ लिया है कि न तो अनियंत्रित जनसंख्या समाधान है और न ही अत्यधिक सीमित परिवार। संतुलित जनसंख्या ही पारिवारिक समृद्धि और सामाजिक सुरक्षा दोनों की कुंजी है।

ऐसे परिवार भविष्य की पीढ़ी को केवल संसाधन नहीं, बल्कि स्थिरता और सुरक्षा भी सौंप पाते हैं।

## राष्ट्र की जिम्मेदारी

जिस तरह एक परिवार अपने संसाधनों, सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लेता है, उसी तरह हर राज्य और राष्ट्र को भी अपनी समृद्धि, जनसंख्या और सुरक्षा के बीच संतुलन साधना होगा।

जापान और सिंगापुर जैसे देश दिखाते हैं कि सीमित संसाधनों के बावजूद मजबूत कानून व्यवस्था और सामाजिक अनुशासन के बल पर सुरक्षित और समृद्ध समाज बनाया जा सकता है।

प्रेरक-प्रसंग

# प्रेम की भक्ति और निःस्वार्थ सेवा

एक गांव में प्रेम नामक साधारण चरवाहा रहता था, उसका मन माता दुर्गा की भक्ति में रमा रहता। हर सुबह वह पहाड़ी पर बने माता के मंदिर में माथा टेकता और कहता, 'मां, मुझे रास्ता दिखाओ, ताकि मैं सभी जीव-जंतु का भला कर सकूं।' एक साल भयंकर सर्दी पड़ी। गांव के लोग ठंड से ठिठुर रहे थे और कई गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। प्रेम ने देखा कि गांव की हालत खराब हो रही है। उसने माता दुर्गा से प्रार्थना की।

एक रात माता ने उसे सपने में दर्शन दिया और कहा, गांव से दूर जंगल के खत्म होते ही एक गुफा है, वहां औषधीय जड़ी-बूटियां और सूखी लकड़ियां हैं। प्रेम सुबह उठा और जंगल की ओर चल पड़ा। जंगली जानवरों के खतरे के बावजूद वह नहीं डरा। गुफा में उसे ढेर सारी लकड़ियां और जड़ी-बूटियां मिलीं। उसने गांव वालों को बुलाया और सबने मिलकर लकड़ियां और जड़ी-बूटियां गांव में लाये। जड़ी-बूटियों से बीमारों का इलाज हुआ और लकड़ियों से घर गर्म हुए। गांव में फिर से रौनक लौट आई। प्रेम की भक्ति और निःस्वार्थ सेवा ने सबका दिल जीत लिया। गांव वालों ने उसे सम्मान दिया और मंदिर के पास एक छोटा-सा औषधि केंद्र बनाया, जहां प्रेम दूसरों को औषधीय पौधों के बारे में सिखाने लगा। और वह कहता कि सच्ची भक्ति और निःस्वार्थ कर्म से बड़े से बड़ा संकट टाला जा सकता है। माता की कृपा और मेहनत हर मुश्किल में साथ देती है।

# शिव की महिमा

अमरपुर गांव में एक गरीब कारीगर भोलाराम रहता था। उसकी भक्ति इतनी गहरी थी कि वह भूखा-प्यासा रहकर भी शिव का नाम जपता। एक बार गांव में महामारी फैली। लोग बीमार हो रहे थे और दवाइयां बेअसर थीं। गांव वाले निराश हो चुके थे। भोलाराम ने मंदिर में जाकर भगवान शिव से प्रार्थना की, 'हे महादेव, मेरे गांव को बचा लो। मेरे पास कुछ नहीं, बस आपका नाम है।' उसने सात दिन तक बिना अन्न-जल के तप किया, केवल 'ओम नमः शिवाय' जपते हुए। सातवें दिन, जब वह बेहोश होने को था, तो शिव स्वयं प्रकट हुए। उनकी जटाओं से गंगा की धारा बही, जिससे गांव शुद्ध हुआ। महामारी चली गई, और लोग स्वस्थ हो गए। भगवान शिव ने भोलाराम से कहा, 'तेरी भक्ति ने मुझे बुलाया। जो निःस्वार्थ भाव से मुझे पुकारता है, मैं उसका दुःख हर लेता हूं।' शिव बोले, 'वरदान मांगो।' भोलाराम ने कोई वरदान नहीं मांगा, केवल शिव के चरणों में सिर झुकाया। गांव वाले यह चमत्कार देखकर हैरान हो गए। सभी ने शिव की भक्ति शुरू कर दी। मंदिर में हर दिन भजन गूंजने लगे, और अमरपुर भक्ति का केंद्र बन गया। भोलाराम सबसे कहता, शिव की महिमा ऐसी है कि वह भक्त की सच्ची पुकार को कभी नहीं ठुकराते। उनकी कृपा से असंभव संभव हो जाता है। सच्ची भक्ति में वह शक्ति है, जो हर संकट को हर लेती है।

# विवेक विश्वविद्यालय में नेशनल स्पीड हैंडबॉल चैम्पियनशिप का रंगारंग आग़ाज़



चैम्पियनशिप का शुभारंभ करते हुए श्री कुनाल रस्तौगी।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए छात्र।



मैच खेलते हुए हैंडबॉल खिलाड़ी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में नेशनल स्पीड हैंडबॉल चैम्पियनशिप 2025 का शानदार आगाज किया गया। विश्वविद्यालय के तन्वी, अक्षी, जिया, हिमांशु, सुमित एवं करुणा द्वारा शानदार गणेश वन्दना, प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से लगभग 22 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रथम दिन पुरुष वर्ग का उद्घाटन मैच छत्तीसगढ़ एवं विवेक विश्वविद्यालय एकेडमी के बीच हुआ, जिसमें विवेक विश्वविद्यालय की टीम ने छत्तीसगढ़ को 24-10 से हरा दिया। दूसरा मैच केरला एवं उत्तर प्रदेश के बीच हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश ने केरला को 19-06 से हराकर मैच जीत लिया। महिला वर्ग मैच में गोपी एकेडमी एवं हिमाचल प्रदेश के बीच हुआ, जिसमें हिमाचल प्रदेश ने गोपी एकेडमी को 20-03 से हराकर जीत अपने नाम की। प्रथम दिन का अंतिम मैच राजस्थान ने उत्तराखण्ड को 12-05 से हराकर अपने नाम किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप में पधारे प्रशासनिक अधिकारी कुनाल रस्तौगी, स्पीड हैंडबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह, स्पीड हैंडबॉल फेडरेशन उत्तर प्रदेश के सचिव विवेक गिरि, स्पीड हैंडबॉल फेडरेशन संस्थापक सदस्य पप्पल गोस्वामी, विश्वविद्यालय के चांसलर श्री अमित गोयल, प्रो. चांसलर दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष डी.के. अग्रवाल, फाइनेंस एडवांइजर अनिल शर्मा, कुलपति प्रोफेसर एनके गुप्ता, कुलसचिव डा. हितेश शर्मा आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर कुनाल रस्तौगी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि खेल में अनुशासन, ईमानदारी एवं संयम द्वारा विजय प्राप्त की जा सकती है। नेशनल हैंडबॉल के सचिव मान सिंह ने कहा कि फेडरेशन का उददेश्य गांवों में छिपी प्रतिभा को खोजना है। कार्यक्रम का संचालन डा. निधि शुक्ला ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के कीड़ाधिकारी डा. मुकुल कुमार, डा. राजीव चौधरी, डा. दीप्ती डिमरी, डा. एस.के. त्यागी, डा. सर्वेश शीतल, डा. सौरभ शर्मा, डॉ. देबाशीष, डा. हर्ष, डा. संजय त्यागी, डा. मीना, डा. रिजवान, पंकज त्यागी एवं सभी प्रवक्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## वाल्मीकि युवक की जूते से पिटाई कर वीडियो वायरल किया, मामला दर्ज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर युवक के साथ लात-घूसों व जूते से मारपीट किये जाने का वीडियो देखकर वाल्मीकि समाज में आक्रोश है। बुधवार को कई संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर कोतवाली पहुंचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं शहर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को शहर कोतवाली के ग्राम धौकलपुर पंचायत फरीदपुर संसारू निवासी कमल कुमार पुत्र फूलचन्द, राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विशाल पारचा, रॉयल वाल्मीकि आर्मी द जस्टिस फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष राहुल देसाई, आदेश वैद्य, सर्वेश वाल्मीकि, राजन, वाल्मीकि, रजनीश वाल्मीकि आदि के साथ शहर कोतवाली पहुंचा। वाल्मीकि संगठनों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर युवक की पिटाई का विरोध करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पीड़ित कमल कुमार पुत्र फूलचन्द ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी मां की दवाई लेने खारी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ग्राम सिहोरा के पास सोनू मलिक उर्फ सूरमा पुत्र नरेश, उसके एक नौकर व हिमांशु ने उसे रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि उक्त युवकों ने उसे रोकते ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करना शुरू कर दिया और गाली-गलौज करते हुए लात घूसों, जूते और थप्पड़ों से मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने मारपीट का वीडियो भी बनाया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उससे जबरन अपने पैर छुआए, इसके बावजूद उसे पीटते रहे। पीड़ित ने बताया कि आरोपी इससे पहले भी गांव में एक-दो बार लोगों के साथ मारपीट कर चुके हैं। शहर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## डीएम की चेतावनी का असर चांदपुर में आया नज़र

**चांदपुर ( चिंगारी )। जिलाधिकारी की चेतावनी का नगर में पहली बार असर देखने को मिला। आज साप्ताहिक बंदी के दिन नगर का बाजार पूरी तरह से बंद रहा।**

जिलाधिकारी की नगर में पिछले तीन दिनों से नगर में मुनादी कराई जा रही थी, कि साप्ताहिक बंदी गुरुवार के दिन मेडिकल स्टोर, दूध की डेयरी, सब्जी व अस्पताल के अलावा जो दुकानें खुली पाई गईं तो साप्ताहिक बंदी का उल्लंघंन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी की चेतावनी का नगर में पूरी तरह से असर देखने को मिला। आज केवल वही दुकानें खुलीं, जिन पर साप्ताहिक बंदी लागू नहीं होती। मालूम हो कि नगर में साप्ताहिक बंदी गुरुवार को होती है, लेकिन अधिकतर दुकान साप्ताहिक बंदी का उल्लघंन कर अपनी दुकानें खोलते थे, आज पहली बार साप्ताहिक बंदी का पूरी तरह से पालन होता दिखाई दिया।



साप्ताहिक बंदी पर बन्द पड़ीं दुकानें

## AIMIM ने गुलाब और क़लम बांटकर मुहब्बत का संदेश दिया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने एक अच्छी पहल करते हुए लोगों को मोहब्बत और भाईचारे का संदेश दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर में राहगीरों और दुकानदारों को गुलाब और क़लम बांटकर नफ़रत के खिलाफ आवाज बुलन्द की। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष मुफ्ती रियाज मेहंदी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता जानी के चौराहे से घंटाघर तक गये। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राह चलते लोगों और दुकानदारों को गुलाब भेंट कर आपसी सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने लोगों को क़लम देकर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुफ्ती रियाज मेहंदी ने कहा कि आजकल माहौल में नफ़रत का ज़हर घुला हुआ है। ऐसे समय में एआईएमआईएम क़लम और गुलाब के जरिए मोहब्बत और तालीम का पैगाम देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज को जोड़ने का रास्ता नफ़रत नहीं, बल्कि शिक्षा, समझ और आपसी भाईचारा है। हकीम अब्दुल सलाम, नबील अहमद, खुर्शीद अहमद, जावेद अहमद, मुस्तकीम, दाऊद एड., सैयद सलमान आदि शामिल रहे।



# वन्य जीवों की सुरक्षा के साथ मानव जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता - सीएम धामी

**नैनीताल ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 22वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके नियंत्रण के लिए और अधिक प्रभावी कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भालू, गुलदार, बाघ तथा हाथी से संबंधित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई जाए और वन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, डिजिटल निगरानी और अर्ली वार्निंग सिस्टम को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित ग्रामों में सोलर फेंसिंग, बायो-फेंसिंग, हनी बी फेंसिंग, वॉच टावर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएँ। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्कता और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविरों के आयोजन और रैपिड रिस्पॉन्स टीम को निरंतर सक्रिय रखने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में हाथी एवं बाघ कॉरिडोर सहित सभी वन्यजीव कॉरिडोरों के संरक्षण को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। वन्यजीवों के आवागमन वाले मार्गों पर एनिमल पास, अंडरपास और ओवरपास निर्माण की व्यवस्था को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि वर्तमान वन्यजीव संरक्षण नियमों या प्राविधानों में संशोधन की आवश्यकता हो, तो संबंधित विभाग आवश्यक परीक्षण कर संशोधन प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको-टूरिज्म व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए रिजर्व फारैस्ट के अलावा प्रदेश की वाइल्डलाइफ सेंचुरी एवं कंजरवेशन रिजर्व क्षेत्रों में भी कार्य किये जाएं। मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने तथा जन सुरक्षा की दृष्टि से टेरीटोरियल फॉरेस्ट डिविजन में पशु चिकित्सकों की व्यवस्था भी की जाए। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय वन्यजीव संरक्षण और मानव सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक समग्र और दूरदर्शी कदम हैं, जिनसे उत्तराखंड में वन्यजीव प्रबंधन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। बैठक में राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य विधायक दीवान सिंह बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान, बंशीधर भगत, प्रमुख सचिव वन आर.के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्र, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ अन्य सदस्यगण एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## होटल मनु महारानी के पूर्व मैनेजर पवन उपाध्याय का निधन



**नैनीताल ( चिंगारी )।** होटल मनु महारानी के पूर्व मैनेजर पवन उपाध्याय का आकस्मिक निधन हो गया। पवन उपाध्याय अपने पीछे पत्नी समेत दो बच्चियों को रोता बिलखता छोड़ गए। उनके निधन से राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मंगलवार की सुबह जब उनके परिजनों ने उन्हें उठाने की कोशिश की तो वह अचेत अवस्था में मिले। जिसके बाद परिजन उन्हें आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## घर-घर विधिक जागरूकता अभियान चलाया

**लालढांग ( चिंगारी )।** ग्रामीणों को न्याय और अधिकारों से जोड़ने की दिशा में अधिकार मित्र मुकेश कुमार ने रसूलपुर गांव में ऑपरेशन जागृति के तहत घर-घर जाकर विधिक जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान उन्होंने आम नागरिकों को कानून से जुड़ी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराते हुए नि:शुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया समझाई। मुकेश कुमार ने ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, कार्यप्रणाली और उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को प्राधिकरण के माध्यम से बिना किसी शुल्क के विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अंतर्गत नि:शुल्क अधिवक्ता सुविधा, कानूनी परामर्श, वाद दायर करने में सहायता तथा न्यायालयीन प्रक्रिया में सहयोग जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत एवं स्थायी लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन मंचों के माध्यम से वर्षों से लंबित मामलों का आपसी सहमति से त्वरित निस्तारण संभव है। साथ ही पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों में मध्यस्थता को प्रभावी और शांतिपूर्ण समाधान बताते हुए इसके लाभ भी समझाये।

## कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही संगठन की मजबूती संभव : नेगी

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस कार्यालय में नगर निगम के समस्त 40 वार्डों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी को जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को समझना और मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। संगठन की मजबूती तभी संभव है जब हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर लोगों तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाए। इस दौरान अंकिता भंडारी मामले पर वक्ताओं ने सरकार की निष्क्रियता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़िता को अभी तक उचित न्याय नहीं मिला है। सवाल उठाया गया कि सरकार वीआइपी के नाम का खुलासा करने व मामले की सीबीआई से जांच करवाने से क्यों पीछे हट रही है। कहा कि सरकार को इस संबध में शीघ्र फैसला लेना चाहिए। बैठक में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मीना बछवाण, वरिष्ठ कार्यकर्ता बलबीर सिंह रावत, रंजना रावत, प्रवीन रावत, गीता सिंह, विनीता भारती, जानकी बुड़ाकोटी, सुधा असवाल, सुनीता रावत, सुनीता बिष्ट, अनीता रावत, कांति देवी, अनीता, उषा देवी, विजय नारायण, साबर सिंह नेगी और नीरज बहुगुणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक्सरे टेक्नीशियन के आवास में की चोरी

**जसपुर ( चिंगारी )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक्सरे टैक्नीशियन अपने पति से मिलने मुजफ्फरनगर क्या गई चोरों ने उनके आवास से हजारों रूपये के सामान की चोरी कर ली। टेक्नीशियन ने पुलिस को तहरीर दी है। दीपा कोरंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे टेक्नीशियन के पद पर तैनात हैं। वह कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर अपने पति से मिलने मुजफ्फरनगर गई थी। छुट्टी के बाद वापिस घर आकर देखा तो उसके घर की खिड़की टूटी हुई थी तथा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से सोने का नाक का फूल एवं कान के टाप्स समेत एक गैस सिलेंडर गायब थे। महिला ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र गहलौत के साथ कोतवाली जाकर पुलिस को तहरीर दी। एसएसआइ जावेद मलिक ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## भाकियू-अ की मासिक पंचायत में किसानों ने उठाये अनेक मुद्दे

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक पंचायत ग्राम शेखपुरा मुक्ता (तहसील धामपुर) में की गई, जिसकी अध्यक्षता रामचंद्र सिंह ने की व संचालन अरविंद राजपूत ने किया।

बैठक में किसानों ने बताया कि धामपुर तहसील में खतौनी मे अशं निर्धारण ठीक नहीं हुआ है उसको ठीक कराया जाये, धामपुर तहसील के ग्रामों से छुट्आ पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजा जाए, गुलदार व बंदरों के आतंक से आमजन को बचाया जाए, शुगर मिल द्वारा किसानों को फ्री में लिखा दिलाई जाए, शेखपुरा मुक्ता में सहकारी गन्ना खाद गोदाम से स्टोर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाये और स्टोर तक रोड का निर्माण कराया जाये। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा ने बताया कि 27, 28 व 29 जनवरी 2026 को प्रयागराज में होने वाले चिंतन में अधिक से अधिक किसान साथी सम्मिलित होंगे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, न्याय पंचायत अध्यक्ष हरिओम सिंह, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान, दिनेश प्रधान, अरविंद राजपूत, सुशील कुमार, सुदामा, प्रेम कुमार, सरजीत सिंह, शशि कुमार, जयप्रकाश, दुष्यंत कुमार, वीरेंद्र कुमार गोलू आदि मौजूद रहे।

## नये मतदाता सम्बंधी कागजात जमा करें

**धामपुर ( चिंगारी )।** एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य त्रिस्तरीय निर्वाचन पंचायत, निर्वाचन 2026 के लिए 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवकों के वोट बनाने,दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने व उनका निस्तारण ग्राम पंचायत स्तर पर करने के उपरांत नियुक्त बीएलओ द्वारा 7 जनवरी से हस्तलिखित पांडुलिपि तैयार करने के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत विकासखंड अल्हैपुर धामपुर में समस्त निर्वाचन से संबंधित नई सामग्री जमा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे समय पर यह सामग्री उप जिला अधिकारी सहायक निर्वाचन रजिस्टर अधिकारी को प्रेषित की जा सकेगी। इस संबंध में एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने सभी सुपरवाइजर व बीएलओ से संबंधित कागजात जमा करने को निर्देशित किया है।

## आरएसएम में SIR के अन्तर्गत मतदान पंजीयन कार्यक्रम प्रारंभ

### एसडीएम ने मतदाता के कर्तव्य व अधिकार बताये

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम कॉलेज में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम ( SIR)2026 के अंतर्गत मतदान पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा व तहसीलदार धनराज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की तथा संचालन महाविद्यालय के मतदाता जागरूकता क्लब के समन्वयक डॉ विवेक यादव ने किया।




उप जिला अधिकारी स्मृति मिश्रा का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत करते हुए प्राचार्या प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल।

कार्यक्रम में डॉ. विवेक यादव ने विद्यार्थियों को मतदान, मतदाता अधिकार एवं मतदान मूल्य के बारे में बताया। तहसीलदार धनराज सिंह ने नए मतदाता बनने की प्रक्रिया एवं फॉर्म नंबर 6, 7 एवं 8 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। मुख्य अतिथि सुश्री स्मृति मिश्रा एसडीएम धामपुर ने विद्यार्थियों को मतदान, मतदाता के कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और भारत में पुरुष एवं महिला मतदाता की समानता के बारे में और मतदान के महत्व एवं शासन पर प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने, चुनाव में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल ने नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का सबसे सीधा तरीका मतदान को बताया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. एस एल पाल, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनखड़, प्रो. शोराज सिंह, प्रो. रमाकांत, डॉ. राजेश कटियार, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. दीप सौरभ, डॉ. अबरार अहमद डॉ.अमित कुमार गिरी डॉ. चंद्रकला, सुमेरा नाज इत्यादि उपस्थित रहे।

# जनता को मिले स्वच्छ पानी, किसी को न हो कोई परेशानी

## जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को दिये निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के मद्देनजर बिजनौर प्रशासन भी सतर्क हुआ है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनमानस को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए आवश्यक है कि नगरीय क्षेत्र में सीवर लाइन तथा पेयजल पाइप लाइन की नियमित चैकिंग की जाए तथा यदि कहीं पर सीवर अथवा पेयजल पाइप लाइन में ब्रेकेज अथवा लीकेज पाई जाती है तो उसे तत्काल सही कराया जाए। इसके साथ ही जलापूर्ति से सम्बन्धित पानी की टंकियों की नियमित रूप से साफ-सफाई की जाए, जिससे आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने से संबंधित आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। उन्होंने कहा कि जनमानस को अनवरत स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए पेयजल व्यवस्था से जुड़े नलकूप, हैण्डपम्प, पाइप लाइन, टंकी एवं अन्य उपकरणों का संचालन इस तरह सुनिश्चित कराया जाए कि पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सके।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उपभोक्ता द्वारा उपयोग प्वाइंट पर जल के नमूने एकत्र कर उनका नियमित रूप से ओटी परीक्षण किये जाने तथा नमूनों का बायरोलॉजिकल, बैक्टीरियोजॉजिकल एवं केमिकल एनालिसिस भी किया जाए। इसके अतिरिक्त पुरानी पाइप लाइन को बदलने की कार्यवाही प्राथमिकता पर कराने एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति के सम्बन्ध में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी तथा समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकाय मौजूद थे।

# ठण्ड का प्रकोप जारी है लगातार

## एक-दो दिन में राहत मिलने के आसार

**बिजनौर (चिंगारी)।** शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जहां आम लोगों की जान पर बन आई है, वहां काम-धंधों पर भी असर पड़ रहा है। दो दिन के बाद आज धूप निकलने से राहत मिली है। लखनऊ मौसम केन्द्र के अनुसार उत्तर प्रदेश में अब सर्दी से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अगले एक सप्ताह तक उत्तर पश्चिम, मध्य और उत्तर पूर्वी भारतीय राज्यों में अगले दो-तीन दिन तक शीतलहर से राहत के आसार नहीं हैं। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी तथा शीतलहर के चलते तापमान में गिरावट आई है। विशेष रूप से रात में तापमान में कमी आने से ठण्ड का प्रकोप बढ़ा है। शीतलहर के कारण पशु-पक्षी भी बेहद परेशान हैं।



उधर, पाला पड़ने से कुछ फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगा है। हालांकि तापमान में कमी और पाले से गेहूं की फसल को लाभ होता है। मगर सर्दी के सितम के चलते किसानों के सामने गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण सर्दी के बावजूद गन्ने की कटाई व खेतों की सिंचाई आदि के लिये जंगल में जाना पड़ रहा है।

# आग की चपेट में आकर महिला झुलसी

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम मच्छमार धनुपुरा में एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे उपचार लिए बिजनौर ले गये, जहां पर विवाहिता की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ के लिए रैफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# गोदाम का ताला तोड़ा पर चोरी नहीं कर सके

**चांदपुर (चिंगारी)।** बीती रात चोरों ने चोरी की नीयत से एक व्यापारी के गोदाम का ताला तोड दिया, लेकिन वहां से कुछ नहीं ले जा पाये। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। नगर के मुहल्ला कटारमल निवासी अभिनव गोयल पुत्र मूलेश गोयल की मोहल्ला गोकुलनगर में खल-चौकर की दुकान है। उनका गोदाम हल्दौर रोड पर मंडी समिति के सामने स्थित साईंधाम कालोनी में है। बीती रात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़ दिया। गोदाम के अंदर खड़ी गाड़ी की खिड़की भी तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे खिड़की नहीं तोड़ पाये। बाद में चोर वहां से कुछ लिए बिना चले गये। गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन चोर दिखाई दे रहे हैं।

# सरकारी नीतियों और योजनाओं के क्रियान्वयन में सभी पात्र व्यक्तियों को शामिल किया जाये : प्रियंक कानूनगो




**बिजनौर (चिंगारी)।** सदस्य राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर मानवाधिकारों के संरक्षण एवं समावेशी विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संबंधित बैठक बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में प्रियंक कानूनगो ने कहा कि मानवाधिकारों का सम्मान और समावेशी विकास किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला है, इसके लिए सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक समावेशी विकास तभी संभव है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक मानवाधिकारों की पहुंच सुनिश्चित हो। बिना भेदभाव के विकास की मुख्यधारा में सभी की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिये कि जेल में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बंदियों सहित वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन के 70 वर्ष पूर्ण कर चुके लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने न्यायिक पीठ बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अनाथ अथवा ऐसे बच्चे जो अपने मां-बाप को नहीं जानते उनको गोद दिलाने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानवाधिकारों के सिद्धांतों को सरकारी नीतियों और योजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल किया जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने निर्देश दिये कि जमीनी स्तर पर मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# अमिताभ ठाकुर की हालत नाजुक

## सीने में दर्द पर मंगलवार देर रात देवरिया जेल से लाये गये थे पूर्व आईपीएस

**गोरखपुर (चिंगारी)।** धोखाधड़ी मामले में जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर से सुपर स्पेशियलिटी संस्थान के लिये लखनऊ रैफर कर दिया गया है। सीने में दर्द और सांस लेने में समस्या होने पर मंगलवार देर रात उन्हें यहां लगाया गया था। करीब 18 घंटे वह यहां भर्ती रहे। इस दौरान मेडिसिन विभाग और कार्डियोलॉजी विभाग के डाक्टरों की टीम ने उनका इलाज किया।



पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर धोखाधड़ी मामले में 10 दिसम्बर से देवरिया जेल में बंद हैं। मंगलवार को सीजेएम अदालत से उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई। बताया जा रहा है कि रात साढ़े 11 बजे उनकी तबीयत जेल में अचानक खराब हो गई। उन्होंने सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत की। चिकित्सक ने जांच की और महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज भेजा। रात करीब 11:30 बजे उन्हें इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। फिजीशियन डा. विजय गुप्ता ने बताया कि उनकी ईसीजी कराई गई। हार्ट अटैक के लक्षण दिखे। इस पर खून पतला करने वाला इंजेक्शन दिया गया। कुछ देर तक निगरानी में रखने के बाद रात 12:35 बजे बीआरडी मेडिकल कालेज, गोरखपुर रैफर कर दिया गया। रात में 1:57 बजे उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मेडिसिन के प्रोफेसर डा. राजकिशोर सिंह की अगुवाई डाक्टरों की टीम ने इलाज शुरू किया।

# नगर कीर्तन निकला शानदार, संगत व सहयोगियों का आभार





बिजनौर ( चिंगारी )। गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर बिजनौर में इस बार ऐतिहासिक नगर कीर्तन निकला। गुरुद्वारा सिंह सभा नई बस्ती बिजनौर व रेलवे स्टेशन बिजनौर के साथ-साथ नगर कीर्तन में झंडापुर, सिकंदरी, गोकलपुर, नीलावाला, गंज, जलीलपुर, गजरौला की संगतों ने भी शिरकत की। पुलिस प्रशासन ने बड़ी मुस्तैदी के साथ यातायात व सुरक्षा की व्यवस्था की। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नई बस्ती ने अच्छी व्यवस्था के लिये प्रशासन, भाजपा की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर तथा नगर कीर्तन को ऐतिहासिक बनाने के लिये सभी संगतों तथा नगरवासियों का आभार प्रकट किया है।

नगर कीर्तन में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने भी गुरु ग्रंथ साहिब का आशीर्वाद लिया। गुरु सिंह सभा की ओर से जिलाधिकारी का भावपूर्ण अभिनंदन किया गया। नगर कीर्तन के दौरान संगत के लिये अनेक स्थानों पर लंगर लगाये गये। नई बस्ती गुरुद्वारा प्रबंधस समिति की ओर से स. गुरजीत सिंह कालड़ा, स. सरजीत सिंह ढंग, स. रविन्दर सिंह कालड़ा, स. अरविंद पाल सिंह, स. सुरेंद्र सिंह गुलाटी, गोल्डी खुराना, स. इकबाल सिंह, कुलदीप खुराना, इकबाल सिंह, स. रविंदर सिंह जौली, स. तरूणदीप सिंह, स. रमनदीप सिंह, स. जगपाल सिंह, सेवादार स. रविन्द्र सिंह आदि ने सहयोग किया। हुजूरी जत्था भाई अमरजीत सिंह, भाई कमलजीत सिंह ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। स्त्री सत्संग जत्था बिजनौर ने नगर कीर्तन में गुरुजी का गुणगान किया। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से लंगर लगाने वाले सभी व्यक्तियों व संस्थाओं का भी आभार व्यक्त किया गया।


## भयंकर सर्दी में भी किसानों का दिन-रात धरना जारी



धरना स्थल पर मौजूद किसान।

नजीबाबाद ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन टिकैत का डीफओ कार्यालय नजीबाबाद पर चल रहा धरना-प्रदर्शन मंगलवार को 10 वें दिन भी जारी रहा। वन विभाग के द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ किसानों का धरना कड़कड़ाती ठंड के बावजूद दिन-रात जारी है। किसानों ने मांगें पूरी होने तक धरना जारी रखने की बात कही है। धरने पर जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, गजेंद्र सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सोनू, अमित, प्रमोद, पप्पू, युसूफ, शगुन, सत्यपाल, विकार, जितेंद्र, विजय, नीतू, पवन, मोनू, आशीष, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## अदनान एडवोकेट बने भाकियू क्रांति के प्रदेश महासचिव



नजीबाबाद। भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के निर्देश पर प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी बिलाल अहमद आढ़ती ने नगर के मौहल्ला कलालान निवासी अदनान अहमद एडवोकेट को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी बिलाल अहमद ने अदनान एड. से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूत बनाने व किसानो की समस्याओं का समाधान कराने का काम करेंगे।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर
ई–निविदा सूचना

पत्रांक : 7532/ई0 निविदा–रा0वृ0/25–26 दिनांक :– 23.12.2025

1:– महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर द्वारा प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से आथराइज्ड मार्ग श्रेणी 'ए व बी' एवं रोड साईनेज 'ए' श्रेणी में रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 09.01.2026 प्रातः 10.00 बजे से 15.01.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 15.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2:–कार्यो का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र सं | जनपद | कार्यों का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) (Ex. GST) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी (रोड साइनेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | बिजनौर | नजीबाबाद नगीना वाया नानकार बुन्दकी मार्ग पर ब्लैक स्पॉट का सुधार कार्य। | 90.00 | 6.50 | 03 माह | 2354.00 | मार्ग श्रेणी " ए व बी" एवं रोड साइनेज श्रेणी 'ए' |
| 02 | | बहसूमा–चांदपुर–ठाकुरद्वारा–जसपुर मार्ग पर ब्लैक स्पॉट का सुधार कार्य। | 80.00 | 6.00 | | | |

- निविदा में प्रकाशित कार्य के लिए डिफेक्ट लाईबिलिटी समय अवधि कार्य पूर्ण करने की वास्तविक तिथि से 02 वर्ष बाद तक होगी।
- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 5 व 7 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।
- उपरोक्त कार्य हॉट मिक्स प्लांट द्वारा सम्पादित कराये जायेंगे।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020, शासनादेश संख्या 879(1)/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 417/13रो0ए0मै0खं0/20 दिनांक 28.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http//wms.uppwd.gov.in/prahari पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0–2, लो0नि0वि0, बिजनौर
(मु0 नजीबाबाद)
Email – pdrampur@gmail.com

R.O.No. 243579 Date: 06-01-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता,
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0, रामपुर।
Email – pwdrampur@gmail.com

# लिस्टों में अपना व परिवार के लोगों के नाम देखने को लेकर रही उत्सुकता

## नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से 55467 वोट काटे गये

नजीबाबाद (चिंगारी)। एसआईआर के बाद नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से 55467 वोट काटे गए है। एमजीएम इंटर कॉलेज के एक बूथ से सर्वाधिक 430 वोट काटे गए। स्थानीय प्रशासन द्वारा एसआईआर सर्वे के बाद जारी रिपोर्ट के अनुसार नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के एमजीएम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-268 से सर्वाधिक 430 मत काटे गए। राजकीय इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-239 से 404, उच्च प्राथमिक विद्यालय जसवंतपुर लुकादड़ी के बूथ संख्या-180 से 399, एमजीएम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-269 से 397 वोट कटे है। एमडीएस इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-224 से 392, उच्च प्राथमिक विद्यालय वाहिदनगर के बूथ संख्या-243 से 391, राजकीय इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-242 से 386, एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद के बूथ संख्या-220 से 385, आरएन केला इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-251 से 385, हरनाम सिंह बाल विहार जूनियर हाईस्कूल के बूथ संख्या 246 से 377 वोट एसआईआर में कटे है। इनके अतिरिक्त



एमजीएम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-264 से 375, प्राइमरी स्कूल भागूवाला के बूथ संख्या-9 से 365, एमडीकेवी के बूथ संख्या-215 से 359, एमजीएम इंटर कॉलेज के बूथ संख्या-265 से 356, उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर के बूथ संख्या-291 से 355 व उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर के बूथ संख्या-289 से 351 वोट एसआईआर के दौरान काटे गए। काटे गए वोटों में मृतक, विस्थापित, डुप्लीकेट आदि वोट शामिल हैं। एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने सूची में नाम दर्ज नहीं होने वाले मतदाताओं को फॉर्म आठ तथा नए मतदाताओं को फॉर्म छह बीएलओ के माध्यम से भरने की सलाह दी है। एसआईआर की पहली ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद मतदाताओं में अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर लिस्टों में तथा सोशल मीडिया पर जारी लिस्टों में अपना व अपने परिवार के लोगों के नाम देखने को लेकर काफी उत्सुकता रही।

# भागूवाला में नांगल के युवक को गोली मारकर घायल किया

## व्हाट्सऐप पर गाली-गलौच के बाद हुआ विवाद

कांठपुर/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में बीती रात एक युवक ने व्हाट्सऐप पर गाली-गलौच को लेकर हुए विवाद के बाद नांगल के एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम दहीरपुर निवासी उस्मान पुत्र अय्यूब की मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम भागूवाला मुजाहिदा पट्टी निवासी अल्लू पुत्र भूरे से व्हाट्सऐप पर किसी बात को लेकर हुई बहस के बाद गाली-गलौच हो गई थी। बताया जाता है कि इसके बाद जब उस्मान ने अल्लू से फोन पर बात की तो उसने उसे अपने गांव बुलाया, उस्मान अपने दोस्त फहीम को लेकर बीती रात भागूवाला मुजाहिदा पट्टी पहुंच गया। आरोप है कि वहां अल्लू ने उस्मान पर तमंचे से गोली चला दी, गोली उसकी जांघ में लगी जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी थी। मामले की जांच की जा रही है।



# सैन समाज के नेता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें: रितेश सैन

नजीबाबाद (चिंगारी)। सैन समाज की गोष्ठी में युवाओं को शिक्षा, रोजगार व राजनीतिक भागीदारी आदि में आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी में नजीबाबाद के सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने कहा कि आज युवाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, बड़े बुजुर्ग युवाओं को आगे बढ़ाने में मदद करे। समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा रोजगार व राजनीति यह बहुत ही आवश्यक है। हम सब अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर समाज को प्रशासनिक व कानूनी स्तर पर मजबूत बनाने का काम करे, तभी हमारे समाज को न्याय मिल सकता है। इसी तरह रोजगार के लिए समाज को मजबूत बनाने में सहयोग करेगा तो हमें शिक्षा के साथ कारोबार करने पर भी ध्यान देना होगा जब हम कानूनी रूप से धनबल से मजबूत होंगे तो राजनीति में भागीदारी करने में कोई परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम में सुनील कुमार सैन, प्रवेश कुमार सैन, प्रवेश सैन, डॉ. सत्येंद्र कुमार सैन, पोवेन्द्र सैन, सोमदेव सैन, रोहित कुमार सैन, डॉ. राकेश सैन ने प्रतिभाग किया।

# अपना दल एस ने पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियों पर चर्चा की



अपना दल एस की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल एस की मासिक बैठक जिला कैम्प कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, विस्तार की रणनीति बनाने तथा आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य व भ्रष्टाचार विरोध को चुनावी एजेंडा बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी ताकत व एकजुटता के साथ आगामी चुनाव में पार्टी को विजय दिलाए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पार्टी अपने उम्मीदवारों को मजबूती से चुनाव मैदान में उतारेगी तथा पूरे जनपद में संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रभावशाली रणनीतियां अपनाई जाएंगी। इसके तहत गाँव-गाँव चौपाल, जनसभा, सोशल मीडिया प्रचार व बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने पर बल दिया गया। बैठक में प्रमुख कार्यकर्ताओं वकील अहमद, हिमांशु, दीपक, यशपाल, आरिफ, मोबीन, लाभ सिंह, मोहित, उपासना राजपूत, कर्मजीत कौर, रामावतार सिंह, बबलू, अंश चौधरी, अमित वर्मा, सोनिया मलिक, रजनीश, कपिल सिंह, भारत सिंह सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिया की सफाई न होने और सड़क पर पानी भरने से ग्रामीण परेशान

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली से गांवड़ी को जोड़ने वाली सड़क पर कई वर्षों पुरानी पुलिया से पानी की निकासी सुचारु रूप से नहीं होने पर सड़क के ऊपर पानी आने राहगीरों को आने जाने में परेशानी हो रही है। पुलिया का निर्माण कई वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था। पुलिया के नीचे कचरा अट जाने के पानी सही तरह से निकल नहीं पाता है। मंडावली ग्राम पंचायत में लगे सफाई कर्मी भी प्रतिदिन नाले की सफाई करते है, सफाई करने के कुछ देर बाद पानी धीरे-धीरे निकलने लगता है, लेकिन शाम को या अगले दिन स्थिति पहले की तरह बन जाती है। पुलिया के नीचे नाले में कचरा जमा हुआ है, अंदर पानी के जमा होने से दुर्गंध भी आती है। नाला अट जाने के कारण नाले



मंडावली गांवड़ी मार्ग पर नाले की सफाई करते सफाई कर्मी।

का पानी सड़क के ऊपर आ जाता है। मंडावली से गांवड़ी को जाने वाली सड़क के ऊपर पानी आने से आसपास के गांव गांवड़ी, नारायणपुर रतन, जटपुरा, नियामतपुर, सैफाबाद आदि के ग्रामीण किसी न किसी कार्य से इसी मार्ग से होकर गुजरते है, जिससे उन्हें आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में ग्राम प्रधान श्रीमती शाहजहां का कहना है कि पुलिया का निर्माण कई वर्षों पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था, समस्या के समाधान के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाकर नाले की सफाई कराई जाएगी। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया है।

# सर्राफ और उनकी पत्नी से किया अभद्र व्यवहार

## विरोध में कुछ देर बंद रहा सर्राफा बाजार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में सभासद और डॉक्टर के बीच चल रहा विवाद तूल पकड़ रहा है। 6 जनवरी की शाम को नगर पालिका सभासद को कथित धमकी दिए जाने के मामले में सर्राफा बाजार बंद रहा। बाद में कोतवाली प्रभारी द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद बाजार खुलवाया गया।

इस संबंध में सर्राफा स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अखिल अग्रवाल, महामंत्री जग बहादुर वर्मा एवं कोषाध्यक्ष अरविंद वर्मा के नेतृत्व में पुलिस क्षेत्राधिकारी व शहर कोतवाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में डॉक्टर दीपिका चौधरी एवं उनके पति जतिन चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए गए।

संघ की ओर से बताया गया कि तीर्थ ज्वेलर्स के स्वामी विजय सागर वर्मा की पत्नी लक्ष्मी वर्मा वार्ड नंबर 29 से नगर पालिका सभासद हैं। आरोप है कि 6 जनवरी की शाम लगभग चार से पांच बजे के बीच डॉक्टर दीपिका चौधरी अपने पति जतिन चौधरी, देवर मयंक चौधरी, मानव चौधरी तथा कुछ अज्ञात लोगों के साथ उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचें। आरोप है इस दौरान उनके साथ मारपीट की गई तथा गंदी-गंदी गालियां दी गईं। साथ ही शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया और जाते समय गंभीर धमकियां भी दी गईं। अतुल अग्रवाल, विशु दास, पंकज वर्मा, संजीव वर्मा, राजकुमार वर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### सुरक्षा प्रदान की जाये

**पुलिस अधीक्षक के नाम दिये गये ज्ञापन में सर्राफ विजय सागर और उनकी पत्नी लक्ष्मी वर्मा ने आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और पुलिस सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। सभासद लक्ष्मी वर्मा का कहना है कि आरोपी प्रभावशाली एवं दबंग प्रवृति के है, जिनसे उन्हें व उनके पति को जान का खतरा है। उनके साथ कभी भी कोई घटना हो सकती है।**

### डॉक्टर ने आरोपों को निराधार बताया

**आरोपी डॉक्टर दीपिका ने सभासद लक्ष्मी वर्मा व उनके पति द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जिस भूमि को कुएं की आराजी बताया जा रहा है, वह उनके ससुर की बैनामाशुदा भूमि है। उन्होंने कहा कि महिला सभासद उनसे रंजिश रखती हैं।**

# शीतलहर के मद्देनजर खूब बिक रहे रूम हीटर

**धामपुर ( चिंगारी )।** घना कोहरा, शीत लहर और उस पर बरसते हुआ पाले से बचाव हेतु अब नागरिकों को रूम हीटर, गैस का हंडा और गरम कपड़े ही बचाव का सहारा रह गए हैं। भीषण सर्दी के मौसम में इलेक्ट्रॉनिक सामान का कारोबार करने वाले व्यापारियों ने विभिन्न कंपनियों के ब्रांडेड रूम हीटर मंगा कर सेल करने शुरू कर दिए हैं। बताया जाता है कि यह रूम हीटर बिजली के कम खर्च में ही कमरे को ठंड से दूर भगाने में कारगर साबित हो रहे हैं। अलग-अलग डिजाइनों में तैयार किए गए इन रूम हीटरों की डिमांड बढ़ने लगी है। इसके अलावा भीषण सर्दी से बचाव के लिए गैस का हंडा भी कारगर साबित हो रहा है। ऐसे में दुकानदारों ने गैस के दाम बढ़ा दिए हैं। कच्चा कोयला भी40 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है।



रूम हीटर बेचता हुआ दुकानदार।

# एसडीएम ने की गन्ना क्रय केन्द्रों का निरीक्षण

**धामपुर ( चिंगारी )।** उपजिलाधिकारी ,धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा ने बुधवार को धामपुर चीनी मिल के लगभग आधा दर्जन गन्ना क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। एससीडीआई अमित कुमार पांडेय ने बताया कि उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने क्षेत्र के गांव हबीबवाला, नया गांव तथा शुगर मिल गेट के काटा नंबर 3 व 4 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कृषकों के ठंड से बचाव हेतु अलाव जलाने की व्यवस्था, गन्ना खरीद, तौल लिपको के स्थानांतरण, कांटों की शुद्धता, अवैध गन्ना खरीद घंटतौली आदि के बारे में किसानों से वार्ता की गई। इस पर किसानों ने बताया कि सेंटर पर गान्ना तौल नियमित रूप से की जा रही है। इस दौरान जांच में कांटे शुद्ध वजन प्रदर्शित करते हुए पाए गए।

# सट्टाकिंग बेताल सिंह गिरफ्तार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर में सट्टा किंग के नाम से चर्चित बेताल सिंह नेगी को बीती रात सट्टे की खाईबाडी करते हुए चौकी इंचार्ज विनोद कुमार चपराणा ने 10240 रूपए नगद व सट्टा पर्ची के साथ आमपडाव से गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पैक्टर प्रदीप नेगी ने बताया कि बेताल सिंह लम्बे समय से सट्टे का कारोबार संचालित कर रहा था। एसएसपी सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपद में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बीती रात एक सूचना पर बेताल सिंह नेगी को आमपडाव से गिरफ्तार कर लिया गया।

# काबुल सिंह के नेत्रों से दुनिया देख सकेंगे दो नेत्रहीन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अपने जीवन का अधिकांश भाग निर्मल आश्रम की सेवा में व्यतीत करने वाले 90 वर्षीय स्व. काबुल सिंह पुत्र स्व. कंधारा सिंह का 7 जनवरी को निर्मल आश्रम ऋषिकेश में निधन हो गया। अंतिम समय में महंत बाबा राम सिंह एवं संत बाबा जोध सिंह उनके पास उपस्थित थे। दिवंगत के पुत्र डॉ. सुखविंदर सिंह पुत्र बलविंदर सिंह व समस्त परिवार भी वहां मौजूद था। जिन्होंने महाराज से विनती की कि उनकी इच्छानुसार काबुल सिंह के नेत्रदान करवा दिए जाएं। महाराज जी ने निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट के जनरल मैनेजर अजय शर्मा को फोन करके अपनी टीम को निर्मल आश्रम में भेजने के लिए कहा। निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट की टीम ने बाबू आत्म प्रकाश के नेतृत्व में मौके पर पहुंच कर दिवंगत के कॉर्निया एकत्रित किए। यद्यपि स्व. काबुल सिंह सशरीर हमारे बीच नहीं रहे, यह एक शाश्वत सत्य है तथापि वो अपनी आंखों से इस सुंदर संसार को देखते रहेंगे।

# सफाईकर्मियों के वेतन में शीघ्र होगी बढोत्री : महिपाल सिंह



**धामपुर ( चिंगारी )।** एस,टी, एस,सी आयोग लखनऊ के सदस्य महिपाल सिंह का कल नगर पालिका पहुंचने पर तहसील राजस्व ब्लॉक अल्हैपुर के अधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर और बुके भेंट कर स्वागत किया। स्वागत समारोह में एस,टी,एस,सी आयोग लखनऊ के सदस्य महिपाल सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित कर कहा कि, सफाई कर्मी अपने बच्चों को शिक्षित बनाने का काम करें। उन्होंने बताया कि, सफाई कर्मियों की तनख्वाह बढ़ाई जाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी वार्ता हुई। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि, शीघ्र सफाई कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने विशेष कर वाल्मीकि समाज का आह्वान कर कहा कि, अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के साथ-साथ परिवार की महिलाओं को कढ़ाई सिलाई भी सिखाने का कार्य करें, ताकि वाल्मीकि समाज की आर्थिक दशा और दिशा मजबूत हो सके। इस अवसर पर तहसीलदार धनराज सिंह, नायब तहसीलदार, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, बीडीयो त्रिलोकचंद, धामपुर के लेखपाल प्रभात चौधरी, लेखपाल छत्रपाल सिंह, सहित ब्लॉक व तहसील व नगर पालिका के अधिकारी सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# छह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**धामपुर ( चिंगारी )।** न्यू स्टार क्रिकेट क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन बुधवार को पशु चिकित्सालय के सामने खाली पड़ी फील्ड में नगर पालिका के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर पालिका के सदस्य हाजी मुंशी नसीम अंसारी व वसीम अकरम के अलावा नगर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। न्यू स्टार क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट द्वारा आयोजित 6 दिवसीय टूर्नामेंट के प्रथम दिन मोहल्ला महलसराय और पहाड़ी दरवाजा की टीमों के बीच खेले गए मैच में महलसराय धामपुर की टीम ने 7 ओवर में 58 रन बनाये। जबकि पहाड़ी दरवाजा की क्रिकेट टीम एक भी रन नहीं बना सकी। क्रिकेट टीम के कप्तान सुहेल व पहाड़ी दरवाजा क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद सैफ द न्यू स्टार क्रिकेट क्लब के आयोजक अजीम अंसारी, सलीम, सरताज, सैनू, शानू, सलीम, जैद, नदीम अहमद, मोनू क्रिकेट टूर्नामेंट के समय मौजूद रहे। आयोजकों ने जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि 6 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का यह प्रथम दिन था। इस टीम में नगर की क्रिकेट टीम ने अपने-अपने क्रिकेट खेल का प्रदर्शन कर भाग लिया।



# टेंशन : रिटायरमेंट के नौ महीने बाद भी नहीं मिली पेंशन

## देयकों का भुगतान नहीं होने से आर्थिक तंगी से जूझ रहे शिक्षक हरपाल सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते शिक्षक हरपाल सिंह आर्थिक तंगी से जूझने को मजबूर हो गए हैं। रिटायरमेंट के 9 महीने बीतने के बाद भी न देयकों का भुगतान किया गया और न ही पेंशन बनी है। डीआईओएस कार्यालय की मनमानी ने शिक्षक को उधार की जिंदगी काटने पर मजबूर कर दिया है। कार्यालय के दो बाबू की मिलीभगत चर्चा का विषय बनी हुई है।



कृषक इंटर कॉलेज मेंहमदाबाद के शिक्षक हरपाल सिंह 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत हो गए थे। शिक्षक हरपाल सिंह के रिटायरमेंट हुए 9 महीने बीत चुके हैं। अभी तक हरपाल सिंह के देयकों का भुगतान नहीं किया गया और न ही पेंशन बनी। हरपाल सिंह आएदिन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के चक्कर लगते रहते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के दो लिपिक हरपाल सिंह को परेशान कर रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने पेंशन को लेकर शासन के आदर्शों को भी ताक पर रख दिया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो शिक्षक व कर्मचारियों के रिटायरमेंट पर तुरंत ही पेंशन स्वीकृत करने के आदेश हैं, लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाबूगिरि के मकड़जाल में उलझे शिक्षक हरपाल सिंह का जीवन यापन करना दूभर हो गया है। बाबूगिरि से हार मानकर घर पर बैठे शिक्षक को कुछ रास्ता दिखाई नहीं दे रहा। शिक्षक हरपाल सिंह को जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव से भी एक ही जवाब मिलता है जल्द ही दिखवाता हूं।

### पेंशन को लेकर चर्चा में आए बाबू

कृषक इंटर कॉलेज मेंहमदाबाद के सेवानिवृत शिक्षक हरपाल सिंह की पेंशन नहीं बनने को लेकर लिपिक अनिल कुमार तथा लिपिक गौरव कुमार चर्चा में हैं। अनिल कुमार कृषक इंटर कॉलेज मेंहमदाबाद में लिपिक है। जबकि गौरव कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात है। बताया जाता है कि दोनों लिपिकों की साठ-गांठ के चलते सेवानिवृत शिक्षक हरपाल सिंह के रिटायरमेंट की फाइल जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव तक भी नहीं पहुंच पाई है।

### दोषियों के खिलाफ हो कार्यवाही

**कृषक इंटर कॉलेज मेंहमदाबाद के शिक्षक हरपाल सिंह की पेंशन स्वीकृत नहीं होने का प्रकरण तूल पकड़ने लगा है। शिक्षक महासभा के अध्यक्ष हरवीर सिंह तोमर ने बताया कि 9 महीने बीतने के बाद भी पेंशन नहीं बनना चिंता का विषय है। शिक्षक को जानबूझकर परेशान करने के खेल में शामिल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उधर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर शिक्षक की समस्या का निस्तारण नहीं होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी। शिक्षक का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**

# यूपी में पॉलीथिन की जगह लेंगे गाय के गोबर से बने गमले

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश को प्लास्टिकमुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने एक बड़ा और दूरगामी कदम उठाया है। प्रदेश में पौधारोपण के लिए अब पॉलीथिन की जगह गोबर से बने ऑर्गेनिक गमलों का उपयोग करने की तैयारी है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के करीब सात हजार गौशालाओं में बड़े पैमाने पर इन गमलों का उत्पादन किया जाएगा। इससे हर जिले में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और गौ पालकों के लिए अवसर बढ़ेंगे। उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग ने एक विशेष योजना तैयार की है। उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बुधवार को बताया कि इसके तहत होने वाले वृहद पौधारोपण अभियान में पौधों को पॉलीथिन के स्थान पर गोबर के गमलों में रोपित करने की योजना बनाई जा रही है। आयोग का प्लान है कि इस वर्ष गोबर के लगभग पांच करोड़ गमलों का निर्माण कर इस अभियान को शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि योजना को लेकर वन मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना से मिलकर विचार-विमर्श किया। तय किया गया है कि नर्सरियों में बड़े पैमाने पर ऑर्गेनिक गमले का प्रयोग शुरू किया जाएगा। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि पांच करोड़ गमलों के निर्माण का यह काम प्रदेश के प्रत्येक जनपद में महिला स्वयं सहायता समूह और युवा उद्यमियों के माध्यम से कराया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल गौवंश संरक्षण, पोषण सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और आत्मनिर्भर गौशालाओं की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगा। गौसेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि वृहद पौधारोपण अभियान में गोबर से बने ऑर्गेनिक कम्पोस्ट वाले गमलों का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी और मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी। इस पहल के माध्यम से प्लास्टिकमुक्त उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी और प्रदेश की सभी गौशालाओं को आजीविका से जोड़ा जा सकेगा। गोबर से बने ये ऑर्गेनिक गमले पौधारोपण के बाद भूमि में स्वत: विलीन हो जाते हैं, जिससे पौधों की जड़ों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता तथा प्रारंभिक अवस्था में उन्हें एक वर्ष तक आवश्यक पोषण भी प्राप्त होता है। इससे पौधों के जीवित रहने की दर में वृद्धि होगी और पौधारोपण अभियानों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आयोग का मानना है कि इस पहल से केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं होगा, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित होगी। इससे प्लास्टिकमुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप मिलेगा।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बिजनौर

पत्रांक : 3441 /ई–टेन्डर/25–26 दिनॉक : 26.12.2025

### ई–निविदा सूचना

1– राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, बिजनौर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य में रजिस्टर्ड श्रेणी–ए, बी, सी, डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा मॉंगी जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

2–

| क्र0 सं0 | जन पद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण हेतु समया–वधि | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में विकास खण्ड नहटौर के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य। | 10.00 | 1.00 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 01 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |
| 2 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में विकास खण्ड मौ0पुर देवमल के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य। | 10.00 | 1.00 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 01 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |
| 3 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में विकास खण्ड जलीलपुर के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य। | 11.00 | 1.10 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 01 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |
| 4 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में विकास खण्ड जलीलपुर के अन्तर्गत राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य। | 11.00 | 1.10 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 01 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |
| 5 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में विकास खण्ड हल्दौर के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य। | 10.00 | 1.00 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 01 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |
| 6 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में हल्दौर चान्दपुर मार्ग (अ0जि0मा0) पर क्रैक सीलिंग द्वारा मरम्मत का कार्य। | 5.00 | 0.50 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 01 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 5 व 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदा आनलाइन दिनांक 09.01.2026 की प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 15.01.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 15.01.2026 को अपरान्ह् 12:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर में खोली जायेगीं तथा अर्ह निविदादाताओ की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**R.O.No. 243626 Date: 06-01-2026**
**UPID.www.upgov.nic.in**

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com

# शिक्षक और उनकी पत्नी से ठगी करने वाले गिरफ्तार

**नहटौर ( चिंगारी )। एक रिटायर्ड शिक्षक व उनकी पत्नी को झांसे में लेकर 10 हजार की नगदी व सोने के कानों के कुंडल लेकर फरार होने वाले दो ठगों को पुलिस ने बुधवार को गांगन के पुल से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उनका इसी तरह की एक अन्य वारदात में भी शामिल होना पाया गया।**



जानकारी के अनुसार गांव टपरोला निवासी रिटायर्ड शिक्षक उदल सिंह अपनी पत्नी उर्मिला के साथ 5 जनवरी सोमवार को नहटौर के पंजाब नेशनल बैंक में पैसे लेने के लिए आए थे। जब वह पैसे निकाल कर बाहर आए तो एक व्यक्ति ने आकर उनसे कहा कि तुम्हारे एक रिश्तेदार ने नूरपुर रोड पर एक्सीडेंट कर दिया है। वह ऊदल सिंह को ई-रिक्शा में बैठाकर नूरपुर रोड की ओर चल दिया। और रास्ते में ई-रिक्शा से उतर गया। ई-रिक्शा से उतरने के बाद वह एजेंसी चौराहे पर आया, जहां उर्मिला देवी खड़ी हुई थी। उर्मिला देवी को बाजार में ले गया और रिश्तेदार के एक्सीडेंट करने की बात कहते हुए फैसले में पैसा देने के लिए झांसे में ले लिया और उनसे 10 हजार की नगदी व कानों से सोने के कुंडल निकाल लिए और चकमा देकर फरार हो गया। नूरपुर रोड पर ऊदल सिंह को कोई नहीं मिला तो वह एजेंसी चौराहे पर आए। दंपति को ठगी का एहसास हुआ। मामले की तहरीर पुलिस दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। बुधवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की दो व्यक्ति धामपुर की ओर से आ रहे हैं। उप निरीक्षक राकेश मोहन ने दोनों आरोपियों को रोक लिया। पूछताछ के दौरान एक आरोपी ने अपना नाम अहसान पुत्र जाबुदीन निवासी गांव मोरना, थाना नूरपुर दूसरे ने अपना नाम दिलशाद पुत्र शकूर गांव बूढ़पुर, थाना नहटौर बताया। उनसे 10 हजार की नगदी व कानों के कुंडल बरामद किए गए। संबंधित धाराओं में उनका चालान कर न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष धीरज ने बताया कि पूछताछ में उन्होंने इसी तरह की एक और घटना करना स्वीकार किया, जिसमें बताया कि गांव जलालपुर निवासी रामपाल सिंह को झांसे में लेते हुए 14000 की नगदी कांनो के कुंडल ले लिए थे। पुलिस ने उनके भी 4000 बरामद किए गए हैं। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# शादी का झांसा देकर किया बलात्कार मामला दर्ज, आरोपी गिरफ़्तार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र निवासी एक युवती ने न्यायालय में लगाई गुहार में बताया कि जनपद मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रातर्गत ग्राम बालापुर निवासी स्व. चमन सिंह के पुत्र अवनीश से उसके कक्षा 12 में पढ़ते समय से सम्बंध हैं। आरोप है कि अवनीश उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा और गर्भवती हो जाने पर दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया और फिर शादी से इन्कार कर दिया। युवती ने जब यह बात अपने परिजनों को बताई तो दो माह पूर्व परिजनों ने आरोपी अवनीश व उसके परिजनों से शादी की बात की तो अवनीश व उसके परिजनों ने शादी के नाम पर 10 लाख रुपए की डिमांड की। आरोप है युवती पक्ष द्वारा यह डिमांड पूरी न कर पाने पर युवती पक्ष को जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। युवती का यह भी आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने उसकी सुनवाई नहीं की तो उसने कोर्ट की शरण ली, जहां से रिपोर्ट दर्ज किए जाने के आदेश हुए। थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि इस सम्बन्ध में आरोपी अवनीश पुत्र स्व. चमन सिंह व उसकी मां रामवती निवासीगण ग्राम बालापुर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद के विरुद्ध बीएनएस की धारा 89, 69, 85, 352, 351 (2) व एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(V) के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी अवनीश को थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम सिरियावाली गांव के बाहर मंदिर वाले रास्ते से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है।



# पशुओं में खुरपका का रोग फैला

## जांच और टीकाकरण कराने की मांग

**पैजनिया ( चिंगारी )। ग्राम पैजनिया सहित क्षेत्र के गांव खैराबाद, मलपुरा आदि में पशुओं में पके का रोग फैल रहा है। कई पशुओं की इससे मृत्यु भी हो चुकी है। गांव के अमन, सुशील, रामसिंह आदि ने बताया कि इस रोग में पशुओं के खुरों से खून आने लगता है, मुंह में छाले हो जाते है, जिसके चलते पशु चारा भी ठीक से नहीं खा पाते है। पहले इन रोगों की रोकथाम के लिए विभाग की ओर से टीकाकरण किया जाता था, लेकिन गत वर्ष काफी समय से टीकाकरण भी नहीं हुआ। नूरपुर के पशु चिकित्सा अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि यह एक संक्रामक बीमारी है। क्षेत्र में कुछ पशुओं में उक्त बीमारी के लक्षण दिखाई देने की सूचना प्राप्त हुई है। प्रभावित गांवों में शीघ्र टीम भेज कर जांच और टीकाकरण कराया जायेगा।**


चिंगारी

के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।

मोहित शर्मा

संवाददाता, मोबाइल नम्बर-

9012967455


# सातों दिन दुकान खोल सकता है व्यापारी बशर्ते काम न करता हो कोई कर्मचारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** साप्ताहिक बाजार बंदी को लेकर नगर के प्रमुख व्यापारियों ने लेबर इंस्पेक्टर प्रीति सोम के साथ एक बैठक आहूत की, जिसमें इंस्पेक्टर महोदया ने श्रम विभाग की गाइड लाइन से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि व्यापारी हफ्ते में सातों दिन अपनी दुकान/प्रतिष्ठान खोल सकता है, बशर्ते दुकान पर कोई कर्मचारी काम न करता हो और प्रतिष्ठान का स्वामी स्वयं दुकान चलाता हो। उसको श्रम विभाग के लाइसेंस की भी जरूरत नहीं है। लेबर इंस्पेक्टर ने बताया कि साप्ताहिक अवकाश दुकानों/प्रतिष्ठानों पर काम करने वाले वर्कर्स के लिये होता है। व्यापार मंडल के पदाधिकारी बीएस राजपूत ने बताया कि साप्ताहिक बाजार बंदी को लेकर कुछ व्यापारियों द्वारा एक-दूसरे की शिकायत जिलाधिकारी व लेबर इंस्पेक्टर से शिकायतें की गई थीं। जिसे देखते हुए इस मीटिंग की आवश्यकता हुई। इस अवसर पर व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के जिला महामंत्री मुनीश त्यागी, दिलशाद खान, गुलाम साबिर, बीएस राजपूत, गजेन्द्र चौहान, मानव सचदेवा, नाजिर अहमद, चन्द्रपाल सिंह, अनुज गोयल, चिराग सेठी, दीपक अरोड़ा आदि मौजूद रहे।





# बाप-बेटी को पीटने के आरोप में पिता सहित चार गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )। बाप-बेटी को पीटने के आरोप में पिता-पुत्र समेत चार के खिलाफ़ मामला दर्ज हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव मंडोरा निवासी हेमराज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 26 दिसम्बर को गांव निवासी युवक राहुल पुत्र धर्मसिंह शराब के नशे में रास्ते में खड़ा गन्दी-गन्दी गालियां दे रहा था। उसने गाली देने से मना किया, तो धर्मसिंह अपने पुत्रों राहुल व लोकेन्द्र सिंह तथा पौत्र विपुल के साथ लाठी-डंडे लेकर आए तथा उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर उसकी बेटी बचाने आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों को आता देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए फ़रार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पिता-पुत्रों समेत चार के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है।**

# कर के रक्तदान, महिला की बचाई जान

## तंज़ीम मदद कम्युनिटी ट्रस्ट का एक और कारनामा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाली अफजलगढ़ की मशहूर तंजीम 'मदद मिशन कम्युनिटी ट्रस्ट' ने इंसानियत की एक और मिसाल पेश की है। ट्रस्ट ने काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप से बीमार महिला की जान बचाने के लिए आगे बढ़कर रक्तदान किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहम्मद अदनान ने बताया कि उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि कॉल करने वाले की मां की हालत बेहद नाजुक है और उन्हें काशीपुर स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने महिला को बचाने के लिए तुरंत पांच यूनिट रक्त की जरूरत बताई थी।

मामले की गंभीरता को समझते हुए ट्रस्ट अध्यक्ष मोहम्मद अदनान अपनी टीम के सदस्यों अरमान नंबरदार, डॉक्टर अफरीदी, मोहम्मद अरमान, सागर जोशी समेत अन्य साथियों को लेकर तुरंत हॉस्पिटल काशीपुर पहुंचे। टीम के सदस्यों ने बिना किसी देरी के रक्तदान कर पीड़ित महिला की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। रक्तदान के बाद पीड़ित महिला के परिवार ने ट्रस्ट के सभी सदस्यों का दिल से शुक्रिया अदा किया और उन्हें ढेरों दुआओं से नवाज़ा। परिवार का कहना था कि मदद मिशन कम्युनिटी ट्रस्ट उनके लिए फरिश्ते बनकर सामने आई। गौरतलब है कि मदद मिशन कम्युनिटी ट्रस्ट समय-समय पर जरूरतमंदों की हर संभव मदद करती रहती है। हाल ही में पंजाब में आई भीषण बाढ़ के दौरान भी ट्रस्ट ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित लोगों की मदद कर समाज सेवा का सराहनीय कार्य किया था।



रक्तदान करते हुए मोहम्मद अदनान।

# फूड इंस्पेक्टर ने हल्दौर में खाद्य पदार्थो के नमूने लिये

**हल्दौर ( चिंगारी )। फूड इंस्पेक्टर बिजनौर रेनू सिंह ने नगर के बाजार में छापामारी कर खाद्य पदार्थ के नमूने लिए। इस दौरान मिलावटखोरों में हड़कम्प मच गया। बुधवार की शाम फूड इंस्पेक्टर रेनू सिंह अपनी टीम के साथ नगर के टाट मोहरा बाजार पर पहुंची तथा वहां पर लगे फास्ट फूड के ठेले पर पहुंच कर खाद्य पदार्थों की जांच पड़ताल की और नमूने लेने की कार्यवाही करते हुए चले गयी। फूड इंस्पेक्टर रेनू सिंह ने बताया कि उन्होंने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायत के आधार पर फास्ट फूड के ठेले पर जांच पड़ताल की और नमूना लिया, जो जांच हेतु लैब को भेजा जाएगा।**

# दुर्घटना में हुई युवक की मौत परिजनों को थी हत्या की आशंका

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सड़क हादसे में हुई युवक की मौत पर परिजन हत्या का केस दर्ज कराने पर अड़े, मगर पुलिस ने पीएम के आधार पर ही कार्यवाही की। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम अल्हैपुर मोहकम निवासी राहुल कुमार (22 वर्ष) पुत्र रामपाल सिंह मंगलवार सुबह लगभग 8:30 बजे बाइक द्वारा घर से उत्तराखंड के जसपुर जाने हेतु निकला था। भूतपुरी-जसपुर मार्ग पर ग्राम राजपुर/फीका नदी के पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उत्तराखंड की जसपुर पुलिस ने राहुल के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया था। बुधवार को कुछ ग्रामीणों संग राहुल के परिजन उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए रेहड़

## पुलिस ने दिखाई पीएम रिपोर्ट

थाने जा पहुंचे और हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग करने लगे। रेहड़ पुलिस के समझाने बुझाने के भरसक प्रयास के बावजूद जब वह नहीं माने तो थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी उन्हें साथ लेकर जसपुर थाने पहुंचे। मृतक के परिजनों द्वारा वहां भी हत्या का मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया गया, परंतु कोतवाल जसपुर राजेंद्र सिंह डांगी ने एसओ रेहड़ तथा मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों को मृतक राहुल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिखाते हुए। बताया जाता है कि राहुल की मौत दुर्घटना में ही हुई है। काफी समझाने के बाद मृतक के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर जसपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया। तत्पश्चात परिजन व ग्रामीण घर वापस आए और शव का अंतिम संस्कार किया। जसपुर कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी का कहना है कि जसपुर पुलिस टीम ने मौके पर मामले की गहन जांच-पड़ताल की है।

# ख़ैर की लकड़ी से भरी स्कार्पियो पोंड में गिरी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** घना कोहरा होने के कारण एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर भगोता मार्ग से रामगंगा बैराज के पोंड एरिया में जा गिरी। घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच के दौरान कार में प्रतिबंधित खैर की लकड़ी बरामद हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात एक स्कॉर्पियो कार घना कोहरा होने के कारण अनियंत्रित हो गई और बैराज के पौंड एरिया में जाकर गिर गई। घटना के बाद बाद कार में सवार लोग शीशे तोड़कर मौके से फरार हो गए। गनीमत रही कि जिस स्थान पर लगभग 20 फुट गहराई में जाकर कार गिरी, वहां पर पानी नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो जाता। राहगीरों की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को बाहर निकलवाया। कार की जांच के दौरान उसमें लकड़ी भरी हुई मिलीं। पुलिस द्वारा साहूवाला वन रेंज की टीम से जांच कराए जाने पर कार में भरी लकड़ी की पहचान खैर की लकड़ी के रूप में हुई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अवैध लकड़ी तस्करी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और वाहन स्वामी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



# माता-पिता की आज्ञा का पालन ही सबसे बड़ा धर्म : सुदर्शन



**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन ने श्रद्धालुओं को मित्रता और पितृभक्ति के आदर्शों से सराबोर कर दिया।

बुधवार को श्री चामुंडा धाम में आयोजित कथा के दौरान राजकुमार सुदर्शन ने कहा कि संसार में उपकार ही मित्रता का असली फल है। जो मित्र एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनकर एक-दूसरे का भला करते हैं, वही सच्चे मित्र कहलाते हैं। उन्होंने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता का प्रसंग सुनाया। जिस प्रकार श्रीराम ने सुग्रीव के कष्टों को दूर कर उन्हें मुक्ति दिलाई। माता-पिता की आज्ञा का पालन ही सबसे बड़ा धर्म है। माता पार्वती के तप के प्रसंग को भी विस्तार से सुनाया। इस अवसर पर अशोक चंद्र, राकेश अग्रवाल, अरविंद जोशी, प्रदीप अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, रतन सैनी, अनिल सैनी और राहुल चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# कोहरे व शीतलहर के चलते रौनक गायब



मौहल्ला काजियान में रऊफ ठेकेदार के चौक पर जल रहे अलाव में हाथ सेंकते बच्चे।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** निरंतर पड़ रही कड़ाके की सर्दी और शीतलहर ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। प्रतिदिन सुबह और शाम के समय कोहरा आ जाने से बाज़ार और गली मोहल्लों की रोनक गायब नजर आ रही है। सर्दी की अधिकता के कारण विशेषकर मजदूरों, रिक्शाचालकों व रात्रि गस्त करने वाले पुलिसकर्मियों और यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालकों के मुताबिक ठंड में दूध उत्पादन में भी गिरावट हो गई है। सर्दी को देखकर नगर पालिका द्वारा मुख्य बाजार, टेम्पो स्टैंड, हरेवली चौराहा, चुंगी नम्बर पांच, नेजो सराय आदि नगर के सभी मुख्य स्थानों और चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलवाए जा रहे हैं।

# आवश्यक सूचना

सुमित्रा नर्सिंग होम बिजनौर से ड्यूटी समाप्त कर अपनी मोटर साइकिल से मैं अपने घर जा रहा था। मेरी मोटर साइकिल में मेरा बैग बंधा हुआ था, जिसमें कुछ दवाई, बैनामे की फोटो कापी व मूल बैनामे, बैंक की पासबुक व चैक बुक पी.एन.बी. झालू एवं पी.एन.बी बिजनौर व आधार कार्ड, पैन कार्ड रखे हुए थे। जो बैग की तनी टूटकर कहीं गिर गये। काफी तलाशने पर भी नहीं मिले। इनका किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग पूर्णत: अवैध माना जायेगा। अगर किसी सज्जन को मिले तो निम्न पते व मोबाइल नं. पर सम्पर्क करें। सम्पर्क करने वाले सज्जन को उचित इनाम दिया जायेगा।

**– रणवीर सिंह पुत्र हरज्ञान सिंह, निवासी ग्राम मुकरन्दपुर, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर। मो. नम्बर :- 9639750064**

# जीशान, डॉ. अनवर, रुखसाना व अमीर खां के इंतकाल पर रंजोग़म का इज़हार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बुधवार की शाम स्थानीय निवासी वरिष्ठ पत्रकार एसएम असलम के आवास पर फजलुर्रहीम अंसारी की सदारत व कामिल खान की निजामत में ताजियती मीटिंग का इनअकाद किया गया। मिटिंग में कासमपुर गढ़ी के साबिक प्रधान बाबू अब्दुल हफीज के पोते/खुर्शीद अहमद के साहबजादे मौ. जीशान (34 साल), अफजलगढ़ के मोहल्ला नेजो सराय निवासी डॉ. अनवर हुसैन अंसारी (58 साल), मोहल्ला गौहरअली खां निवासी ट्रांसपोर्टर शरीफ मलिक की छोटी बहन रुखसाना परवीन (42 साल) व कासमपुर गढ़ी निवासी पंचायत सदस्य जलील अहमद के वालिद/अंजार खान 'पप्पू' के ससुर अमीर अहमद खान (85 साल) के इंतकाल पर गहरे रंजोगम का इजहार करते हुए इन सबके लिए दुआएं मगफिरत और गमजदा अहले खाना को सब्र-ए-जमील अता करने की अल्लाह से दुआएं की गईं। इस ताजियती मिटिंग को फजलुर्रहीम, कामिल खान व एसएम असलम समेत गुलफाम अंसारी, हाफिज अय्यूब, मौ. अनस, दिलशाद सलमानी, ईस अहमद, इरफान खान, मौ. नासिर वग़ैरा ने भी खिताब किया।

# खटीक समाज के कुलदेवता की जमीन को कब्जामुक्त कराने की गुहार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम भनेड़ा में राष्ट्रीय एससी एसटी आयोग के सदस्य पूर्व विधायक लवकुश कुमार एक कार्यक्रम में पहुंचे। जहां खटीक समाज के लोगों ने उनके सामने गांव में स्थित अपने समाज के कुलदेवता स्थल और हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल को कालोनाइजर द्वारा कब्जाने/बेचने का मामला उठाया।

## एससी एसटी आयोग सदस्य से मिले खटीक समाज के लोग

इस दौरान अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनीलपाल मनोहारिया एवं युवा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर छलेरिया खटीक, रामकुमार खटीक, चिरंजी खटीक, फूल सिंह खटीक, सुभाष खटीक, नरेश कुमार खटीक, मनोज खटीक, राकेश खटीक, मोहित खटीक, शुभम खटीक, राजेश कुमार, उज्जवल खटीक आदि ने उन्हें एक प्रार्थना-पत्र दिया, जिसमें कहा गया कि ग्राम भनेड़ा में गाटा संख्या 98 में बिजनौर के ग्राम जंदरपुर निवासी मो. शाहिद नाम का आदमी अवैध रूप से कालोनी विकसित कर रहा है। आरोप है कि कालोनाइजर ने 38 बीघा भूमि रोड सहित का बैनामा कराया और मौके पर पड़ी 51 बीघा भूमि पर कब्जा कर रहा है, जिसमें 98 ख ग्राम समाज तालाब जो हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल है और चार बीघा भूमि खटीक समाज के कुलदेवता स्थल की भूमि को अवैध रूप से कब्जाने बेचने का कार्य कर रहा है, जिसका उसे कोई अधिकार नहीं है। खटीक समाज के लोगों ने राष्ट्रीय एससी एसटी आयोग के सदस्य लवकुश कुमार से उक्त मामले में न्याय दिलाने और कालोनाइजर द्वारा उनके कुलदेवता स्थल और हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल की भूमि को बचाने की मांग करते हुए तालाब का सौंदर्यीकरण और कुलदेवला की भूमि का समतलीकरण कराने की गुहार लगाई। लवकुश कुमार ने वहां मौजूद नायब तहसीलदार अतुल भगत से प्राथमिकता के आधार पर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया।



# ड्रोन सर्वे होने से पुल की आस फिर जगी

नांगल सोती ( चिंगारी )। जनपद हरिद्वार की लक्सर तहसील के ग्राम रामपुर रायघटी में गंगा पर पुल बनने की आस एक बार फिर से जगी है। प्रस्तावित पुल के एस्टीमेट की समीक्षा हेतु शासन स्तर पर उच्चस्तरीय कमेटी गठित होने तथा विभाग द्वारा पुनः ड्रोन सर्वे किये जाने से उम्मीदों को बल मिला है। उक्त प्रस्तावित पुल यूके के लक्सर क्षेत्र को यूपी की नजीबाबाद तहसील के नांगल क्षेत्र से सीधे जोड़ेगा।

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2024 में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार जनपद की लक्सर तहसील के ग्राम रामपुर रायघटी के सामने गंगा नदी पर पुल बनवाने की घोषणा की थी। उक्त पुल का दूसरा सिरा बिजनौर जनपद की नजीबाबाद तहसील के अन्तर्गत नांगल क्षेत्र से जुड़ेगा। इस पुल के बनने से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। उत्तराखंड शासन के उपसचिव हीरा सिंह बसेड़ा ने माह नवम्बर , 2024 में लोक निर्माण विभाग के सचिव को इस सम्बन्ध में पत्र लिखकर ग्राम रामपुर रायघटी के खसरा नंबर 291 के आसपास पुल निर्माण हेतु प्रक्रिया शुरू करने को कहा था। इस पर लोनिवि लक्सर ने पुल के निर्माण हेतु एस्टीमेट तैयार किया था। प्रस्तावित पुल की लम्बाई लगभग एक



सांकेतिक चित्र

किलोमीटर तथा दोनों ओर की एप्रोच रोड की लम्बाई 400 मीटर है।

लोनिवि लक्सर से प्राप्त एस्टीमेट को सिविल वृत्त लोनिवि हरिद्वार के अधीक्षण अभियंता द्वारा अग्रसारित कर दिया गया था।प्रथम चरण में आगणन हेतु 234 लाख 80 हजार रूपये का एस्टीमेट तैयार किया गया था। जबकि शेष लगभग 107 करोड़ की धनराशि द्वितीय चरण में पुल निर्माण में प्रयुक्त होना प्रस्तावित है। प्रस्तावित पुल के एस्टीमेट की फाइल शासन स्तर पर वित्तीय स्वीकृति की बाट जोह रही है।

लोनिवि लक्सर के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि उक्त पुल का एस्टीमेट ज्यादा होने के कारण शासन स्तर पर इसकी समीक्षा हेतु एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में पीडब्ल्यूडी उत्तराखंड के चीफ भी शामिल हैं। कमेटी के आदेश पर इसी सप्ताह प्रस्तावित पुल का ड्रोन द्वारा पुनः सर्वे किया गया है और उक्त सर्वे को कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुल निर्माण के लिये शासन की वित्तीय स्वीकृति का ही इंतजार है। इस पुल के निर्माण से दोनों राज्यों के हजारों किसानों की बड़ी आशायें जुड़ी हुई हैं। पुल निर्माण से उत्तराखंड का लक्सर क्षेत्र , नजीबाबाद तहसील के नांगल क्षेत्र से सीधा जुड़ जायेगा। दोनों क्षेत्रों के व्यापारिक रिश्ते मजबूत होंगे और उनकी आर्थिक प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। साथ ही उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद एवं यूपी के मुरादाबाद , नजीबाबाद क्षेत्रों से लक्सर , रुड़की , सहारनपुर , पंजाब , हरियाणा , चंडीगढ़ जाने - आने वाले लोगों की यात्रा की दूरी घटेगी और उनका आवागमन काफी सुविधाजनक होगा। हरिद्वार में लगने वाले भीषण जाम से मुक्ति मिलेगी। सेना के जवानों को भी आवागमन में काफी फायदा मिलेगा। लैंसडाउन छावनी सीधे रुड़की छावनी से जुड़ जायेगी।

## आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा प्रयासरत

उक्त पुल के निर्माण हेतु नजीबाबाद के आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा लगातार प्रयासरत हैं।



उन्होने प्रस्तावित पुल के निर्माण हेतु समय - समय पर प्रधानमंत्री कार्यालय , राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय , उत्तराखंड सरकार को पत्र लिखे हैं। उन्होने बताया कि पिछले महीने भी इस सम्बन्ध में पत्राचार किया गया था। उनका कहना है कि उक्त पुल का निर्माण दोनों राज्यों के व्यक्तियों के लिये बहुत जरूरी है। उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा।

## 'करियर बर्बाद कर दूंगा'

### होटल के कमरे में निशानेबाज नाबालिग खिलाड़ी से दरिंदगी

**फरीदाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** फरीदाबाद में एक राष्ट्रीय स्तर के शूटिंग कोच पर एक नाबालिग खिलाड़ी से दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है। यह घटना 16 दिसंबर को सूरजकुंड के एक होटल में हुई, जहां आरोपी कोच ने पीड़िता को मैच की चर्चा के बहाने बुलाया था। विरोध करने पर कोच ने खिलाड़ी को उसके कॅरिअर को बर्बाद करने की धमकी भी दी। इस मामले में फरीदाबाद के महिला थाना एनआईटी में 6 जनवरी को पोक्सो एक्ट की धारा 6 और बीएनएस की धारा 351(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़िता खिलाड़ी के अनुसार, राष्ट्रीय शूटिंग कोच ने उसे खेल संबंधी चर्चा के बहाने सूरजकुंड के ताज होटल में एक कमरे में बुलाया। वहां कोच ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। घटना के बाद से पीड़िता सदमे में थी और उसने 6 जनवरी को अपनी मां को आपबीती सुनाई। इसके बाद पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कोच के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को शिकायत देने वाली खिलाड़ी के अनुसार, साल 2017 से वो शूटिंग सीखने लगी। अगस्त 2025 में भारतीय शूटिंग टीम के एक कोच से उसने ट्रेनिंग लेना शुरू किया।

आरोप है कि कोच उसे शूटिंग ट्रेनिंग के लिए मोहाली, पटियाला, देहरादून और दिल्ली बुलाते थे।

## असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा : एक-एक अभ्यर्थी से 35-35 लाख में की थी डील

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले गिरोह ने एक-एक अभ्यर्थी से 35-35 लाख रुपये में डील की थी। आरोपियों ने एडवांस के तौर पर 10 से 12 लाख रुपये वसूल लिए थे, जबकि शेष रकम परीक्षा के कुछ दिनों बाद लेने की योजना थी। इससे पहले ही एसटीएफ ने गिरोह का पर्दाफाश कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में कई अन्य बड़े जिम्मेदारों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। शुरुआत में एसटीएफ ने विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। गिरफ्तार आरोपियों में सहायक प्रोफेसर बैजनाथ पाल, उसका भाई विनय कुमार और आयोग की अध्यक्ष का गोपनीय सहायक महबूब अली शामिल हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी थी। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि बाद में मामले की दोबारा विवेचना के आदेश दिए गए, जिसके बाद जांच एसटीएफ को ट्रांसफर कर दी गई। एसटीएफ की जांच में भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ी की कई परतें खुलीं। तफ्तीश में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने कई अन्य अभ्यर्थियों से करोड़ों रुपये की वसूली की थी।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# एम्स ने ड्रोन से 30 मिनट में टिहरी भेजी ज़रूरी दवाएं

## नियमित तौर पर सुचारू होगी ड्रोन मेडिकल सेवा : मीनू सिंह




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश द्वारा ड्रोन मेडिकल सेवा को आगे बढ़ाते हुए टिहरी स्थित बौराड़ी में कुछ जरूरी दवाएं भेजी गयीं। संस्थान शीघ्र ही इस सेवा को नियमित तौर पर सुचारू करेगा जो स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से सुदूर क्षेत्र के लोगों के लिए विशेष लाभकारी सिद्ध होगी। उत्तराखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले गंभीर मरीजों के उपचार में एम्स ऋषिकेश की ड्रोन मेडिकल सेवा फरवरी 2023 में शुरू की गयी थी। इस दौरान संस्थान द्वारा समय-समय पर राज्य के टिहरी, चम्बा, हिंडोलाखाल, जुड्डा नीलकंठ, कोटद्वार और हरिद्वार स्थित रोशनाबाद सहित अन्य विभिन्न स्थानों तक ड्रोन सेवा के माध्यम से आवश्यक दवाएं पहुंचाई गयी। गंभीर रोगियों के इलाज में मददगार साबित हुई संस्थान की इस तकनीक आधारित सेवा के ड्रोन ने मंगलवार को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर एम्स के हेलीपैड से टिहरी के लिए उड़ान भरी। यह 30 मिनट में 50 किलोमीटर की दूरी तय कर दोपहर 12:50 बजे बौराड़ी स्थित टिहरी के नगर निगम सभागार प्रांगण में पहुंचा। जबकि वापसी में वंहा से 1:25 बजे रवाना हुआ और अपरान्ह 1 बजकर 55 मिनट पर एम्स हेलीपैड में उतरा। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफे. डॉ. मीनू सिंह ने इस अवसर पर बताया कि संस्थान ड्रोन आधारित मेडिकल सेवाओं के माध्यम से राज्य के दुर्गम क्षेत्रों तक दवा पंहुचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से जरूरतमंदों तक दवा पंहुचाने के लिए शीघ्र ही राज्य के अन्य इलाकों को इस सेवा से आच्छादित किया जायेगा।

## कोटद्वार-देहरादून रेल सेवा प्रारंभ करने की मांग

### डू समथिंग ने भेजा सांसद बलूनी को पत्र

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी ने कोटद्वार से देहरादून के लिए रेल सेवा आरंभ करने की मांग की है। कहा कि चार धाम यात्रा के दौरान गढ़वालवासियों के लिए रेल सेवा संजीवनी का कार्य करेगी। इस संबध में बुधवार को सोसाइटी के अध्यक्ष मयंक प्रकाश कोठारी की ओर से गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को भेजे पत्र में कहा गया है कि चारधाम यात्रा के सत्र में गढ़वाल वासियों को राजधानी देहरादून आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा यात्रा सीजन में वाहनों की कमी के कारण उच्च स्तरीय स्वास्थ्य जांच के लिए देहरादून जाने वाले मरीजों को भी खासी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। वहीं कोटद्वार से देहरादून के लिए दोपहर बाद कोई बस सेवा भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में कोटद्वार से देहरादून के लिए कम से कम एक ट्रेन का संचालन किया जाना समय की मांग है, इसलिए कोटद्वार से देहरादून के लिए रेल सेवा शीघ्र आरंभ की जानी चाहिए।

## चांद मौलाबख्श की पहल पर उत्तराखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया

### उत्तराखण्ड के कलाकारों की प्रस्तुति पर श्रोता झूमे



**दुबई में मंगलवार को आयोजित उत्तराखंड सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान समाजसेवी चांदमौला बख्श ने लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी को सम्मानित किया।**

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सात समुंदर पार दुबई में प्रख्यात समाजसेवी व कोटद्वार निवासी चांद मौला बख्श की पहल पर उत्तराखंड सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उत्तराखंडवासियों ने उत्तराखंड के लोकगीतों और संस्कृति का आनंद लिया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के जाने माने कलाकार गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी, सौरभ मैठाणी, खुशी जोशी व बाल कलाकार वैदेही सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी प्रवासियों का मन मोह लिया। इस मौके पर गायक गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी ने आयोजक चांद मौला बख्श को महान समाजसेवी और खांटी उत्तराखंडी बताया। कहा कि कोटद्वार में जन्मा एक आम आदमी उत्तराखंड ही नहीं दुबई में भी रोशनी बिखेर रहा है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। वहीं कोटद्वार भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत जागृति संस्था के अध्यक्ष मनीष भट्ट व कांग्रेस नेता प्रवेश रावत ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोटद्वार निवासी चांद मौला बख्श की पहल पर दुबई में उत्तराखंड की संस्कृति प्रदर्शित करने से प्रदेश का मान बढ़ा है।

## लालढांग-चिल्लरखाल मोटरमार्ग निर्माण को विधायक को दिया ज्ञापन



**लालढांग ( चिंगारी )।** लालढांग-चिल्लरखाल मोटरमार्ग निर्माण को लेकर हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत को ज्ञापन दिया गया, जिसमें मांग की गई कि लालढांग चिल्लर खाल मोटरमार्ग निर्माण कराएं जाने के लिए कोटद्वार लालढांग गढ़वाल क्षेत्र की जनता विगत तीन माह से आंदोलनरत हैं किन्तु अभी तक सरकार की तरफ़ से कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है तथा विपक्षी पार्टी भी इस प्रकरण पर अभी तक मौन है। प्रत्येक चुनाव के समय दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा इस मोटरमार्ग को शीर्ष प्राथमिकता पर बनाने का आश्वासन जनता को दिया जाता रहा है परन्तु आज तक भी मोटर मार्ग नहीं बनने के कारण क्षेत्रीय जनता मायुस एवं आक्रोशित हैं। आप पत्र का संज्ञान लेकर अग्रिम कार्यवाही करेंगे। अन्यथा क्षेत्रीय जनता उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। आर.एस. मनराल चिन्हित राज्य आन्दोलन कारी परवीन थापा संयोजक धरना स्थल देवेंद्र सिंह रावत (कोटद्वार) के हस्ताक्षर वाले ज्ञापन को सौंपने वालों में आर.एस. मनराल, चिन्हित राज्य आंदोलनकारी, कैप्टन नारायण सिंह रावत, जगदीश अमोली, टेकराम अमोली आदि शामिल थे।

## मोटर-मार्ग निर्माण की आस जगी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने चिलरखाल-लालढ़ांग-हरिद्वार मोटर मार्ग निर्माण कार्य की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त किया है। कहा कि इस मार्ग के बनने से गढ़वालवासी कम समय में प्रदेश की राजधानी देहरादून व हरिद्वार पहुंच सकेंगे। इस संबंध में बुधवार को परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मंगलवार को देहरादून में उत्तराखंड राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक में इस मोटर मार्ग के निर्माण को स्वीकृति मिली है। इससे मोटर मार्ग निर्माण में आ रही जटिलताओं के निराकरण की आस जगी है। कहा कि यह निर्णय काफी समय पहले लिया जाना चाहिए था, क्योंकि इस मोटर मार्ग निर्माण के लिए जनता लंबे समय से आंदोलनरत है और शासन स्तर से भी इस संबंध में प्रयास जारी थे। अब इस मोटर मार्ग का निर्माण अविलंब आरंभ किया जाना चाहिए। कहा कि संगठन सरकार के इस निर्णय का स्वागत करता है। बैठक में जी के बड़थ्वाल, बलवान सिंह रावत, संजय असवाल, ज्ञान सिंह रावत, हरीश चंद्र, मनोज रावत और हर्षमणी रावत सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## दो दिवसीय बर्ड वाचिंग महोत्सव का आयोजन

### स्नेह क्षेत्र में होगा 31 जनवरी से

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्राकृतिक विरासत और जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की पहल पर कोटद्वार स्थित स्नेह क्षेत्र में 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में पायी जाने वाली विविध पक्षी प्रजातियों की पहचान कराना तथा आमजन को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करना है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पक्षी प्रजातियों के व्यवहार, प्राकृतिक आवास एवं संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। साथ ही जागरुकता गतिविधियों के माध्यम से युवाओं और विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में जिले के स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ प्रदेश एवं अन्य राज्यों से आने वाले अनुभवी बर्ड वॉचर भी प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि फेस्टिवल में बर्ड-वॉक, प्रकृति भ्रमण, पक्षी पहचान एवं संरक्षण पर आधारित गतिविधियां, बर्ड फोटोग्राफी प्रदर्शनी, स्कूली बच्चों हेतु जागरूकता कार्यक्रम तथा स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पाद स्टॉल लगाए जाएंगे।

## गढ़वाल कप में क्वार्टर फाइनल की जंग दिलचस्प हुई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही 71वीं स्व. शशिधर भट्ट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता गढ़वाल कप के तीसरे दिन मंगलवार को खेले गए दोनों मुख्य लीग मुकाबले बराबरी पर छूटे जिससे क्वार्टर फाइनल की जंग और भी दिलचस्प हो गई है। पहला लीग मुकाबला खालसा वॉरियर पंजाब बनाम ऋषिकेश एफसी के बीच हुआ। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक प्रदर्शन किया। दूसरे हाफ के 48वें मिनट में ऋषिकेश के अर्जुन ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैच के अंतिम क्षणों में खालसा वॉरियर पंजाब के चरणप्रीत ने गोल कर स्कोर को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अंत तक यही स्कोर रहा। दूसरा लीग मुकाबला वैलोसिटी चंडीगढ़ बनाम सिद्धबली यूनाइटेड कोटद्वार के बीच हुआ। दोनों टीमों के डिफेंस ने शानदार खेल दिखाया। अंत तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरा मैच भी ड्रा रहा। इस कारण क्वार्टर फाइनल मैचों की जंग दिलचस्प हो गई है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# अखिलेश ने पीडीए समाज से की वोट बचाने की अपील

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साज़िश को हर हाल में नाकाम किया जाए। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, जो लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला है।



श्री यादव ने गुरुवार को एक्स पर 'पीडीए प्रहरी' से हर बूथ पर गहन जांच-पड़ताल करने का आह्वान करते हुए कहा कि 'एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए' के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है। अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-ज़मीन और घर-मकान तक पर संकट आ सकता है।

सपा अध्यक्ष ने आशंका जताई कि सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी सरकार चुनावी लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार निर्विरोध चुनाव कराने का खेल खेल सकती है, वह वोट काटने की साज़िश भी कर सकती है। चुनाव जीतकर सत्ता में आना और फिर भ्रष्टाचार के ज़रिए जल-जंगल-ज़मीन पर कब्ज़ा करना ही उनका उद्देश्य है।

श्री यादव ने कहा कि पीडीए समाज को यह समझना होगा कि जब हमारे पास वोट डालने का अधिकार है, तब भी उत्पीड़न हो रहा है। यदि यह अधिकार ही छीन लिया गया तो हालात और भयावह होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्चस्ववादी ताकतें संविधान को कमजोर करना चाहती हैं, जबकि संविधान ही गरीब, शोषित और वंचित वर्गों की ढाल है। उन्होंने पीडीए समाज के हर सदस्य से अपील की कि वह सजग रहें, अपना वोट जरूर बनवाएं और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वोट बचाने का मतलब संविधान, आरक्षण, नौकरी और भविष्य को बचाना है। सपा अध्यक्ष ने भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर मतदान करने और 'अपनी पीडीए सरकार' बनाने की अपील की।

# जी राम जी बिल भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ सर्जिकल स्ट्राइक- पंकज चौधरी

वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को कहा कि विकसित भारत रोजगार गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण कार्यक्रम (जी राम जी) विधेयक भ्रष्टाचार के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक है।



श्री चौधरी ने कहा कि इससे पहले मनरेगा में काफी त्रुटियां थीं। जी राम जी बिल के अनुसार कानूनी रूप से 125 दिन का काम मिलेगा। काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ते का भी प्रावधान किया गया है। भुगतान की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। अगले पांच वर्षों में इस योजना के तहत आठ लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस योजना से भारत के गांव विकसित होंगे। तभी 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न पूरा होगा। जी राम जी बिल भ्रष्टाचार के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक है। पहले की सरकारों में एक रुपये में से केवल पंद्रह पैसे ही लाभार्थी तक पहुंचता था। अब पूरा पैसा पहुंचेगा। कांग्रेस ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर योजनाएं चलाईं।

उन्होंने कहा कि एसआईआर पहली बार नहीं, बल्कि आठवीं बार हो रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य चुनाव आयोग का है। हमारा काम है कि इस कार्य को धरातल तक पहुंचाएं। यह सही है कि पहले चरण की मसौदा सूची में दो करोड़ 88 लाख लोगों का नाम नहीं आया है। एक करोड़ 28 लाख शिफ्टेड वोटर हैं। सभी कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि बूथ स्तर पर ड्राफ्ट लिस्ट की जांच करें कि वोटर शिफ्ट हुए हैं या नहीं! जो लोग छूट रहे हैं, उन्हें प्रक्रिया पूरी कराकर जोड़ा जाए।

भाजपा नेता ने कहा कि मोदी सरकार का बजट आमजन का होता है, इस बार का बजट भी आमजन का ही होगा। समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए श्री चौधरी ने कहा कि पहले सपा यह तय करे कि पीडीए का अर्थ क्या है। कभी पी का अर्थ बदल देती है, तो कभी ए का अर्थ बदल देते हैं। भारतीय जनता पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है। सपा जाति आधारित पार्टी है। उन्होंने कहा कि कोई भी चुनाव चुनौतीपूर्ण होता है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हर चुनौती के लिए तैयार रहता है। पार्टी कार्यकर्ता 365 दिन कार्य करता है और जनता के बीच रहता है।







# नेहा राठौर नहीं होंगी गिरफ्तार

## 'चौकीदरवा कायर बा' विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। लोकगीत 'चौकीदरवा कायर बा' को लेकर विवादों में घिरीं लोकगायिका और कवयित्री नेहा सिंह राठौर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी और उत्तर प्रदेश सरकार व मामले की शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि अगली सुनवाई तक नेहा राठौर के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह मामला पहलगाम आतंकी हमले के बाद सामने आया था, जब नेहा सिंह राठौर ने एक गीत गाया था, जिसे लेकर उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'जनरल डायर' कहने का आरोप लगाया गया। इसके बाद वाराणसी और लखनऊ में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़े इस मामले में फिलहाल कोई कठोर कदम नहीं उठाया



जाएगा। हालांकि, अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि नेहा सिंह राठौर जांच अधिकारी के समक्ष पेश हों और जांच में पूरा सहयोग करें। लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने पहले नेहा को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा था, तब उन्होंने अस्वस्थता का हवाला दिया था। इसके बाद दूसरे नोटिस पर 3 जनवरी की रात करीब 9 बजे वे अपने पति के साथ हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं, लेकिन रात होने के कारण पुलिस ने उन्हें वापस भेज दिया।